मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशितः भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

भोपाल

शुक्रवार 02 मई 2025

■ वर्षः 30 ■ अंकः 125

■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

## पहलगाम से जुड़ी अर्जी पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा -सुरक्षा बलों का मनोबल न गिराएं, यह सही वक्त नहीं...



● नई दिल्ली, ईएमएस

पहलगाम में हुए आतंकी हमले की ज्यूडिशियल जांच के लिए गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि, ऐसी याचिकाएं सिक्योरिटी फोर्स का मनोबल गिराती हैं।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। कोर्ट ने कहा, अगर आपको ज्यादा चिंता है तो हाईकोर्ट जा सकते हैं। हालांकि बाद में कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। जनहित याचिका कश्मीर के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार का भी नाम है। याचिका में ये भी कहा गया है कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## कश्मीरियों-मुस्लिमों के खिलाफ न जाएं...

**करनाल, ईएमएस।** पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने गुरुवार को कहा कि घटना के बाद लोग जिस तरह से मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ बोल रहे हैं, वो नहीं होना चाहिए। वी वांट... जस्ट पीस एंड ऑनली पीस। हमें न्याय चाहिए।

जिन लोगों ने गलत किया है उनको सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश से अपील करना चाहती हूं कि विनय नरवाल के लिए प्रार्थना करें। मैं एक और चीज कहना चाहती हूं कि मुझे किसी से नफरत नहीं है। उन्होंने ये बात पति विनय के बर्थडे पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान कही। शिविर में हिमांशी ने परिवार सहित रक्तदान किया।



### जैसा हमारे साथ हुआ, वैसा किसी के साथ न हो...

हिमांशी नरवाल ने कहा कि हम नहीं चाहते कि किसी और के साथ वैसा हो, जैसा हमारे साथ हुआ। हम सिर्फ शांति चाहते हैं। उन आतंकियों को सजा मिलनी चाहिए, जिन्होंने मासूमों को मारा। उन्हें सजा जरूर मिलनी चाहिए। उन्होंने मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत भरे बयानों पर आपत्ति जताई है। हिमांशी ने कहा कि यह सही नहीं है। हिमांशी से जब सवाल किया कि उनके पति ने देश सेवा का रास्ता चुना था, क्या वह भी इस पर आगे बढ़ेंगी तो उन्होंने हां में जबाव दिया।

## टूट गया रिकॉर्ड... भर गया खजाना

**नई दिल्ली, ईएमएस।** नए महीने की शुरुआत के साथ ही देश के लिए अच्छी खबर आई है। अप्रैल महीने के दौरान जीएसटी में शानदार बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के साथ जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर कलेक्शन साल-दर-साल 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया।

### अप्रैल में अब तक का सबसे ज्यादा 2.37 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन

इससे पहले सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल 2024 में हुआ था, जो 2.10 लाख करोड़ रुपये था। हालांकि अब ये रिकॉर्ड भी टूट चुका है। मार्च 2025 में यह कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपये था. घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया है।

### जनवरी से मार्च तक कितना रहा जीएसटी कलेक्शन

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में यह कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.9 प्रतिशत की ग्रोथ है। फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 9.1 प्रतिशत की ग्रोथ रही। वहीं जनवरी में भी 1.96 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन रहा, जो 12.3 प्रतिशत की ग्रोथ को दिखाता है। जीएसटी कलेक्शन में हर महीने बढ़ोतरी की बड़ी वजह देश में घरेलू मांग की बढ़ोतरी रही है।

## चुपके-चुपके

### आखिरकार अध्यक्ष के विरोधियों को मिल गया संरक्षक...

पुरानी कहावत है दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है...यह कहावत इनदिनों कांग्रेस में एक बार फिर से चरितार्थ हो रही है। खबरची का कहना है कि प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी में जब से प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति हुई है, उनके खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। लेकिन अभी तक आवाज उठाने वालों को कोई संरक्षक नहीं मिल रहा था। सूत्रों का कहना है कि गतदिनों अध्यक्ष के शहर में ही उनके विरोधियों को एक ऐसा संरक्षक मिल गया जिनकी पार्टी में बड़ी हैसियत है। बताया जाता है कि कई आरोपों में घिरे कांग्रेस के इस कद्दावर नेता से मिलने वालों में अध्यक्ष विरोधी तो थे ही साथ में निकट भविष्य में होने वाले फेरबदल में जिन लोगों के पद जाने की आशंका है, वह भी थे। कुल मिलाकर अध्यक्ष विरोधियों की महफिल सज गई...।

-खबरची

# पाकिस्तान की हो गई घेराबंदी

■ नौसेना ने जंगी जहाजों को अलर्ट पर रखा, अरब सागर में की एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस, कोस्ट गार्ड की भी तैनाती

■ भारत की कार्रवाई से सहमा पाकिस्तान अस्थायी रूप से बंद किया कराची, लाहौर हवाई क्षेत्र

● इस्लामाबाद/नई दिल्ली, ईएमएस

पहलगाम आतंकी हमले को 8 दिन बीतने के बाद भारत और पाकिस्तान में टेंशन बढ़ गया है। भारतीय नौसेना ने जंगी जहाजों को अलर्ट पर रख दिया है। वहीं पाकिस्तान की सीमा से लगे अरब सागर में नौसेना ने एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की। वहीं गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड की भी तैनाती की गई है। इसे भारत द्वारा पाकिस्तान की घेराबंदी माना जा रहा है।

गुरूवार को इंडियन नेवी ने अरब सागर में प्रैक्टिस की। वॉरशिप को किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट पर रखा गया है। पिछले कुछ दिनों में अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास कोस्ट गार्ड को तैनात किया गया है। इधर पहलगाम आतंकी हमले की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने जांच तेज कर दी है। एनआईए चीफ सदानंद दाते गुरुवार दोपहर पहलगाम पहुंचे। एनआईए चीफ 3 घंटे तक बायसरन में रहे। वे 11 बजे बायसरन पहुंच गए थे। 2 बजे तक जांच करके सीधे सीआईएसएफ कैंप पहुंचे, वहां मीटिंग की। वहीं एनआई की टीम ने घटनास्थल इलाके की 3डी मैपिंग की ताकि क्राइम स्पॉट को बेहतर ढंग से समझा जा सके। आतंकी कहां से आए थे और किस रास्ते से गए। इसकी जानकारी मिल सकेगी।



### पाकिस्तान बौखलाया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान बौखला गया है। गुरुवार को पाकिस्तान ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पूरे मई महीने के सभी दिन सीमित समय के लिए कराची और लाहौर के हवाई क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को बंद करने की घोषणा की है।

### हर आतंकी को चुन-चुनकर मारेंगे

शाह ने गुरुवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम हमले का चुन-चुनकर बदल लिया जाएगा। ये मोदी का भारत है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हर व्यक्ति को जवाब भी मिलेगा और जवाब लिया भी जाएगा।

### दुनिया के सभी देश भारत के साथ

गृह मंत्री ने कहा कि आज फिर से ये संकल्प याद दिलाना चाहता हूं कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इंच-इंच भूमि से आतंकवाद को मिटा देंगे। दुनिया के सभी देश आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं।

### असीम मलिक को एनएसए बनाया

पाकिस्तान ने आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया है। यह अपॉइंटमेंट 29 अप्रैल को हुई थी, लेकिन मीडिया में नोटिफिकेशन 30 अप्रैल को आधी रात जारी किया गया।

## फटाफट खबरें

### एप्पल ने लोगों को भेजा वॉर्निंग मैसेज

**नई दिल्ली, ईएमएस।** एप्पल ने हाल ही में दुनियाभर के 100 से ज्यादा देशों में मौजूद यूजर्स को एक गंभीर चेतावनी संदेश भेजा है, जिसमें उन्हें बताया गया है कि उनके डिवाइस पर मर्केनरी स्पायवेयर (भाड़े के जासूसी सॉफ्टवेयर) से अटैक किया गया है। कंपनी ने पुष्टि की है कि ये चेतावनियां उन यूजर्स को भेजी गई हैं जो हाईटेक साइबर हमलों का संभावित निशाना बन सकते हैं। यह हमला आमतौर पर सरकारों द्वारा खरीदे गए निजी जासूसी सॉफ्टवेयर के जरिए किया जाता है।

### होटल में आग चार जिंदा जले

**अजमेर, ईएमएस।** अजमेर के होटल में लगी आग में 4 साल के बच्चे सहित 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें एक महिला भी शामिल है। डेढ़ साल के बच्चे सहित 4 लोग झुलसे हैं। इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महज 30 मिनट में आग ने पूरे होटल को चपेट में ले लिया था।

उधर, तेजी से फैलती आग की चपेट में एक अन्य बच्चा भी आ गया था। मां ने उसे उठाकर खिड़की से नीचे फेंक दिया। आग से बचने के लिए एक युवक चौथी मंजिल से कूद गया।

### पुलिया से टकराई कार, 4 की मौत

**गुना, ईएमएस।** गुना में एक कार बेकाबू होकर पुलिया से टकराई गई। हादसे में शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों की मौत हो गई। वहीं 3 युवक घायल हैं। इनमें से एक गंभीर को भोपाल भेजा गया है। आशंका है कि कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्क र मार दी। इससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा बुधवार देर रात 2.30 बजे भदौरा के पास हुआ। शिवपुरी जिले के कोलारस में रिजौदा गांव से बारात गुना के मावन गांव में आई थी। शादी में शामिल होने के बाद कुछ युवक कार से रिजौदा जाने के लिए निकले थे।

## आज का कार्टून




## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरसूद में किया 100 बेड के सिविल हॉस्पिटल का शुभारंभ, पहलगाम हमले पर बोले...

# छेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं...





### ■ मोदी का जमाना, दुश्मनों के हलक सूख रहे

**खंडवा, ईएमएस।** हरसूद पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को तेंदूपत्ता समिति, वन समिति और जनजातीय सम्मेलन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पहलगाम आतंकी हमले को मुख्यमंत्री ने कहा कि ये मोदी जी का जमाना है, छेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं, ये पक्की बात है।

हमारे देश के दुश्मनों का हाल प्रधानमंत्री के माध्यम से सेना करने वाली है, उसके लक्षण दिख रहे है, देश के दुश्मनों के हलक सूख रहे है, हाथ पैर कांप रहे है, समझ नहीं पड़ रही है, सोच रहे है क्या होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरसूद में 100 बेड के सिविल हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। इसका नाम श्री संत बुखारदास बाबा सिविल हॉस्पिटल करने की घोषणा की। सीएम जनजातीय एवं वन समिति सम्मेलन कार्यक्रम शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पानी-पीने के छागल और बुजुर्ग आदिवासियों को आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की चल रही कई योजनाओं की मंच से तारीफ की और हर गरीब वर्ग को इससे जोड़ने की बात कर योजना का लाभ दिलाने को कहा। इसके अलावा हरसूद में दो बर्तन बैंकों का शुभारंभ किया। ये बर्तन बैंकों से पांच रुपए में गरीबों लोगों को शादी समारोह और अन्य कार्यक्रमों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी।

### मंत्री ने निजी खर्च पर किया छड़ी वितरण

छड़ी का वितरण मंत्री विजयशाह अपने निजी खर्च से किया गया। आदिवासी बुजुर्गों को मल्टीपरपज छड़ी दी गई है। छड़ी में सायरन बजेगा, अंधेरे में टॉर्च का काम करेगी और एफएम से संगीत सुनने के साथ ही फोल्ड कर बैंग में भी रखी जा सकेंगी। कार्यक्रम में खंडवा, बैतूल, हरदा और बुरहानपुर की वन समितियां शामिल हुई है।

### प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बुजुर्गों को आधुनिक जादू की छड़ी मिली है। प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार समृद्ध, सशक्त और विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेतों को सिंचित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सिंचाई का रकबा बढ़ने से सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। मध्यप्रदेश में गेहूं का उपार्जन मूल्य 2600 रुपए है, जो देशभर में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में शुरू हुई 2 राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाओं के संदर्भ में कहा कि राज्य सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ सभी लंबित मुद्दों को सुलझा रही है। राजस्थान के बाद अब महाराष्ट्र के साथ नदी जल समझौतों की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गीता भवनों का निर्माण कार्य हो रहा है।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की अपील...

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा...

**नई दिल्ली, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देशभर में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवारों के दुख में साथ हैं और उनकी इस मांग का पूरा समर्थन करते हैं।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की अपील

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मैं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख और उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें यह सम्मान दें। बता दें कि इससे पहले बीते बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कानपुर में हमले के एक पीड़ित शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि परिवार ने उनसे कहा कि उनके बेटे को शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं कानपुर में एक पीड़ित परिवार से मिला। राहुल गांधी ने कहा कि पीड़ित परिवार ने मुझसे कहा कि प्रधानमंत्री तक उनका संदेश पहुंचाएं, कि हमारे बच्चे शहीद हुए हैं और उन्हें सम्मान मिलना चाहिए।



## शरबत जिहाद केस में हाईकोर्ट की टिप्पणी...

# रामदेव पर किसी का काबू नहीं अपनी ही दुनिया में रहते हैं...



**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक बार फिर बाबा रामदेव के हमदर्द कंपनी के शरबत पर शरबत जिहाद वाली विवादित टिप्पणी मामले पर नाराजगी जताई है। साथ ही कोर्ट अवमानना नोटिस जारी करने की तैयार में है।

कोर्ट ने पहले ही रामदेव को हमदर्द के उत्पादों के बारे में कोई भी बयान जारी करने से मना किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि योग गुरु बाबा रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं। रामदेव को शरबत जिहाद बयान पर प्रथम दृष्टया कोर्ट के आदेश की अवमानना का दोषी पाया। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने रामदेव को हमदर्द के उत्पादों के बारे में भविष्य में कोई बयान जारी न करने या वीडियो साझा न करने का आदेश दिया था। जस्टिस अमित बंसल ने गुरुवार को कहा कि कोर्ट के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो जारी किया। वह किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं।

## बुधनी रेंज में वाहन से टकराकर बाघ की मौत

**नर्मदापुरम, ईएमएस।** टाइगर स्टेट मप्र में एक बार फिर एक बाघ की मौत हो गई। घटना रातापानी टाइगर रिजर्व से लगे बुधनी रेंज के खटपुरा के जंगल की है। शाहगंज से औबेदुल्लागंज, भोपाल जाने वाले मार्ग पर खटपुरा के पास सड़क किनारे बाघ का शव गुरुवार सुबह 6 बजे मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद बुधनी रेंजर प्रकाश उइके, एसडीओ सुकृति ओसवाल मौके पर पहुंची। बाघ के मौत की खबर एसडीओ ने वरिष्ठ अफसरों को बताई। बावजूद दोपहर 3.30 बजे तक घटना स्थल पर वन्य प्राणी विशेषज्ञ और जिम्मेदार अफसर मौके पर नहीं पहुंचे। जिस वजह से 3.30 बजे तक बाघ का शव सड़क किनारे ही पड़ा रहा। एसडीओ ओसवाल का कहना है कि ऐसी आशंका है कि रात के दौरान बाघ सड़क पार कर रहे होगा।

### टाइगर स्टेट में एक हफ्ते में दूसरा वन्यप्राणी हादसे का शिकार

# बालाघाट अब नहीं रहा सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिला

**केंद्र की समीक्षा में बदली श्रेणी...डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में आया, कोर एरिया में सिर्फ 8-10 नक्सली बचे...**



**भोपाल, ईएमएस।** मप्र सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का असर दिखने लगा है। बालाघाट अब सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिला नहीं रहा। दरअसल, केंद्र सरकार की मार्च में की गई समीक्षा में मप्र का बालाघाट जिला सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से बाहर हो गया है। अब यह डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में आ गया है। पांच साल में नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का यह सकारात्मक परिणाम है। बालाघाट पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कैंप स्थापित किए। नक्सल उन्मूलन अभियान चलाए। साथ ही क्षेत्र में सरकारी योजनाओं से विकास कार्य भी हुए।

### कोर जोन में अब केवल एक दलम सक्रिय

2020 से फरवरी 2025 के बीच बालाघाट पुलिस ने कई एनकाउंटर में करोड़ों रुपए के इनामी नक्सलियों को मार गिराया। इससे जिले के जंगलों को सुरक्षित आश्रय मानने वाले नक्सलियों में पुलिस का खौफ है। कोर जोन में अब केवल एक दलम सक्रिय है। एसपी नगेन्द्र सिंह के अनुसार, श्रेणी में बदलाव के बावजूद नक्सल उन्मूलन के लिए मिली सुरक्षा कंपनियों के बलों में कोई कमी नहीं होगी। पुलिस का लक्ष्य मार्च 2026 तक जिले से नक्सल गतिविधियों को पूरी तरह समाप्त करना है, ताकि इस क्षेत्र के लोग मुख्य धारा से जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि जिले में नक्सलियों की संख्या में भारी कमी आई है। पहले तीन दलम थे, अब एक दलम रह गया है, जिसमें 8 से 10 नक्सली हैं, जिसे लेकर हम निरंतर प्रभाव बनाए हुए हैं।

## मप्र में नसीम बानो को जमानत नहीं नौकरी भी गई

# देश और धर्म के खिलाफ पोस्ट करना गंभीर अपराध



**डिंडौरी, ईएमएस।** देश और हिंदू विरोधी पोस्ट करने वाली मध्य प्रदेश की अतिथि शिक्षक डॉ. नसीम बानो की जिला न्यायालय में लगाई गई जमानत याचिका खारिज हो गई।

कोर्ट ने कहा कि देश को झकझोर देने वाली आतंकवादी वारदात के बाद क्रूर आतंकवादियों की तुलना जय श्रीराम के नारे के साथ करना गंभीर अपराध है। ऐसे समय में हिंदू देवी देवताओं का अपमान करने के साथ देश विरोधी पोस्ट करना जघन्य अपराध किया गया है। ऐसे में जमानत नहीं दी जा सकती है। आरोपी नसीम बानो द्वारा लगाई गई जमानत याचिका का अधिवक्ताओं ने भी लामबंद होकर विरोध किया। तृतीय अपर सत्र न्यायालय से आरोपी की जमानत याचिका जहां खारिज हो गई, वहीं आदर्श कॉलेज से भी उन्हें पद से हटा दिया गया है।

## राममंदिर के दरवाजों पर मढ़ा जा रहा सोना



**अयोध्या, ईएमएस।** राम मंदिर के दरवाजों पर फिर सोना लगाए जाने की शुरुआत हो गई है। अब फर्स्ट फ्लोर के 6 दरवाजों पर 18चद्द सोना लगाया जा रहा है। हर दरवाजे पर 3 किलो सोना लगाया जाएगा। मुख्य कलश और राम दरबार के सिंहासन पर भी सोना लगाया जाएगा। इस पर 3 से 4 किग्रा सोना मढ़ा जाएगा। करीब एक साल पहले राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के 14 दरवाजों पर सोना लगाया गया था। हर दरवाजे पर करीब 3 किलो सोना लगा। जून में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, ट्रस्ट 3 दिन तक उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है।

## मप्र, राजस्थान, यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ में आंधी और बारिश

# मोबाइल टावर गिरा, 4 मवेशी मरे...

● नई दिल्ली/भोपाल।, ईएमएस

मई में भारत के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा तापमान रहने की संभावना है। इस बीच मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ में आंधी और बारिश हो रही है। डिंडौरी में गुरुवार दोपहर डेढ़ बजे आंधी के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, मैहर, सिवनी और बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। मैहर के कई इलाकों में ओले गिरे भी हैं। इससे पहले बैतूल के पिपरिया गुरुवा गांव में आंधी से 100 फीट ऊंचा बीएसएनएल टावर गिर गया। हादसे में चार बैल मारे गए, जबकि दो घायल हो गए। वहीं, इंदौर में शाम को तेज हवा चलने से पेड़ गिर गया।



### रायपुर में शेड गिरा, कारें दबी

रायपुर में शाम होते ही अचानक तेज धूल भरी आंधी चली। करीब 50-60 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने से कई जगह पेड़ और होर्डिंग्स गिरे हैं। आंधी-तूफान से सिमगा में पूरा टोल प्लाजा ही तहस-नहस होकर सड़क पर गिर गया। वहीं देवेंद्र नगर में सड़क पर बना शेड गिर गया। इसमें कई कार भी नीचे दब गई। जेसीबी की मदद से टीन शेड हटाने का काम किया गया। आंधी-बारिश के कारण प्रदेश में दिन का तापमान 5 से 10 डिग्री तक गिरा है। इस वजह से गर्मी और उमस से राहत मिली है।

## तहव्वुर बोलेगा, राज खोलेगा...

### एनआईए करेगी राणा की आवाज-लिखावट के नमूने रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली की एक अदालत ने एनआईए को 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की आवाज और लिखावट के नमूने लेने की अनुमति दे दी है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। विशेष एनआईए न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने यह आदेश 30 अप्रैल को एजेंसी द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया। इससे पहले 28 अप्रैल को अदालत ने तहव्वुर की हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी थी। मुंबई पर 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले तहव्वुर राणा को हाल ही में भारत ले आया गया था। फिलहाल वह एनआईए की हिरासत में है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था, जो कि 2009 में ही अमेरिका में गिरफ्तार हुए थे।

# अमेरिका-यूक्रेन के बीच मिनरल डील हुई

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** यूक्रेन और अमेरिका ने आखिरकार बुधवार को मिनरल डील पर साइन कर लिए। इस डील के तहत अमेरिका को यूक्रेन के नए मिनरल (खनिज) प्रोजेक्ट्स में खास एक्सेस मिलेगा। इसके बदले में अमेरिका यूक्रेन के पुनर्निर्माण में निवेश करेगा। इस डील के तहत यूक्रेन के रिडेवलपमेंट और रिकंस्ट्रक्शन के लिए एक जॉइंट इन्वेस्टमेंट फंड बनाया जाएगा।

इसके अलावा ट्रम्प सरकार ने इस डील के बारे में ज्यादा डिटेल्स तुरंत जारी नहीं की हैं, और ये भी साफ नहीं है कि इसका अमेरिका की सैन्य मदद पर क्या असर पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक, फाइनल डील में अमेरिका की तरफ से किसी तरह की सिक्योरिटी मदद की कोई पक्की गारंटी नहीं दी गई है।

### जॉइंट इन्वेस्टमेंट फंड में 50-50 निवेश करेंगे दोनों देश

यूक्रेन के इकोनॉमी मिनिस्ट्री ने कहा है कि अमेरिका इस फंड में सीधे या फिर मिलिट्री मदद के जरिए योगदान देगा, जबकि यूक्रेन इस फंड में अपने नेचुरल रिसोर्सेज के इस्तेमाल से होने वाली कमाई का 50 हिस्सा डालेगा। मिनिस्ट्री ने बताया कि फंड के सारे पैसे पहले 10 साल तक सिर्फ यूक्रेन में ही इन्वेस्ट किए जाएंगे। इसके बाद, प्रॉफिट को दोनों पार्टनर्स के बीच बांटा जा सकता है। मिनिस्ट्री ने यह भी कहा कि अमेरिका और यूक्रेन को फंड के फैसलों में बराबर की हिस्सेदारी मिलेगी। यह डील सिर्फ भविष्य की अमेरिकी मिलिट्री मदद को कवर करती है, पहले दी गई मदद इसमें शामिल नहीं है।

### अजमेर के होटल में लगी भीषण आग, 4 लोगों की मौत

**अजमेर, ईएमएस।** डिग्गी बाजार क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक होटल में भीषण आग लग गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य में जुट गईं।

### पहलगाम हमले की जांच में पूरा सहयोग करे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** अमेरिका ने पाकिस्तान से साफ शब्दों में कहा है कि पहलगाम हमले की जांच में पाकिस्तान भारत का पूरा-पूरा सहयोग करे। इसके साथ ही दोनों देश सीमा पर बढ़ रहे तनाव को कम करे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत और पाकिस्तान से कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद बढ़ते तनाव को कम करने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

## फटाफट खबरें

### पंजाब बॉर्डर पर मिली पिस्तोल

**चंडीगढ़, ईएमएस।** सीमाओं पर तैनात भारतीय सुरक्षा बलों के जवान हमेशा ही सतर्क रहते हैं। उन्हे जैसे ही कोई सूचना मिलती है वे तत्काल सक्रिए होकर उस पर काम करना शुरु कर देते हैं। ऐसी ही एक सूचना सीमा पर हथियारों की तस्करी को लेकर मिली थी। इसी पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने सक्रियता से काम किया और एक पिस्तोल, कारतूस और मैग्जीन सहित कुछ अन्य सामग्री बरामद की है। तरन तारन जिले के वान गांव के पास एक खेत से पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया है। यह कार्रवाई विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर की गई।

### 3 लाख गोलियां और नकदी बरामद

**इंफाल, ईएमएस।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में मादक पदार्थ के संदिग्ध दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 35.41 किलोग्राम याबा की गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को टीओबी यांगौबंग में दो वाहनों को रोका गया, जिनकी तलाशी लेने पर 2.6 लाख रुपए नकद मिले और याबा की करीब तीन लाख गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस को शक है कि वाहन भारत-म्यांमार सीमा पर मोरेह से चुराचांदपुर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पाओजाथांग किपगेन (30) और कम्मिनलुन किपगेन (24) के रूप में हुई है।

### एचयूटी का एक संदिग्ध गिरफ्तार

**रांची, ईएमएस।** झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर (एचयूटी) के एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इस प्रकार एक सप्ताह के अंदर धनबाद से गिरफ्तार संदिग्धों की संख्या पांच हो गई है। गिरफ्तार पांचवां संदिग्ध अम्मार याशर है। यह धनबाद जिले के भूली ओपी क्षेत्र के शमशेर नगर का रहने वाला है। उसके मोबाइल में प्रतिबंधित संगठन से संबंधित कई संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। पूछताछ करने पर उसने बताया है कि वह पूर्व में इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा था। इस आरोप में उसे 2014 में जोधपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### पाक ने उरी सहित तीन सेक्टरों में की फायरिंग

**जम्मू, ईएमएस।** पाकिस्तान लगातार भारत को युद्ध के लिए उकसा रहा है। वो ऐसी हरकतें कर रहा है जो अक्षम्य हैं। सीमा पर सीजफायर का लगातार उल्लंघन करना और वहां फायरिंग करना पाकिस्तान की आदत में शुमार हो गया है। बुधवार रात को भी पाकिस्तान की तरफ से एक बार फिर सीजफायर तोड़ा गया। पाकिस्तानी सेना ने हल्के हथियारों से कुपवाड़ा, उसी और अखनूर सेक्टर में गोलीबारी की.. भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान लगातार सीजफायर उल्लंघन कर रहा है।

### पीएम मोदी ने मुंबई में पहले वेव्स समिट-2025 का किया उद्घाटन, कहा...

# युवाओं को ग्लोबल क्रिएटिव वर्ल्ड से जोड़ेगा यह प्लेटफॉर्म

● मुंबई, ईमएस


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स-2025) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से ज्यादा देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक ही छत के नीचे जमा हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मंच है, जहां भारत का युवा अपनी कल्पनाशक्ति और नवाचार के जरिए दुनिया के रचनात्मक समुदाय से सीधे जुड़ सकेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एवं एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स..ये सिर्फ एक ऐक्रोनिम नहीं है। ये एक वेब है- संस्कृति की, रचनात्मकता की। वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो हर कलाकार, हर निर्माता का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नई योजना के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के थे और कल ही उनकी जयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हमने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के जरिए से याद किया है। बीते सालों में मैं कभी गेमिंग वर्ल्ड, कभी म्यूजिक की दुनिया के लोगों से, फिल्म मेकर्स से मिला, कभी स्क्रीन पर चमकने वाले चेहरों से मिला। इन चर्चाओं में अक्सर भारत की रचनात्मकता, सृजनात्मक क्षमता और वैश्विक सहयोग की बातें उठती थीं। लाल किले से मैंने सबका प्रयास की बात कही है। आज मेरा ये विश्वास और पक्का हो गया है कि आप सभी का प्रयास आने वाले सालों में वेव्स को नई ऊंचाई देगा।





### रजनीकांत बोले- पीएम मोदी एक फाइटर, वो चुनौती से नहीं डरते



सुपरस्टार रजनीकांत ने गुरुवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को निर्मम और बर्बरतापूर्ण बताते हुए पीएम मोदी को फाइटर करार दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में शांति और उसका गौरव लौटाएंगे। रजनीकांत मुंबई में वेव्स समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। रजनीकांत ने कहा कि पीएम मोदी एक फाइटर हैं। वो किसी भी चुनौती से नहीं डरते हैं। उन्होंने इसे बीते एक दशक में बार-बार साबित किया है। मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि वह कश्मीर मुद्दे को साहस और गरिमा से संभालेंगे और वहां शांति बहाल करेंगे।

### डाक टिकट जारी कर दी श्रद्धांजलि

वेव्स समिट 2025 में पीएम मोदी ने बॉलीवुड की पांच दिग्गज हस्तियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए डाकटिकट जारी किया। पीएम मोदी ने दिग्गज फिल्मी हस्ती गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट जारी किया।

### बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी

वेव्स समिट में अभिनेता अमिताभ बच्चन, सुपर हीरो रजनीकांत, ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी, चिरंजीवी, मोहनलाल और मिथुन चक्रवर्ती ÷लीजेंड्स एंड लेगेसीज÷ सत्र में हिस्सा लेंगे, जिसे अक्षय कुमार होस्ट करेंगे। अन्य सत्रों में आमिर खान, आलिया भट्ट, अनिल कपूर, विक्की कौशल, एसएस राजामौली और एआर रहमान जैसे दिग्गज भी शामिल होंगे।

### पीएम मोदी और शाह ने महाराष्ट्र दिवस पर दी बधाई कहा...

# राज्य का गौरवशाली इतिहास रहा



**नई दिल्ली, ईएमएस।** आज गुरुवार को महाराष्ट्र दिवस है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि राज्य का इतिहास बेहद गौरवशाली है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के विकास में हमेशा अहम भूमिका निभाने वाले राज्य महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जब महाराष्ट्र के बारे में सोचते हैं तो इसका गौरवशाली इतिहास और लोगों का साहस हमारे दिमाग में आता है। यह राज्य प्रगति का एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है और साथ ही अपनी जड़ों से भी जुड़ा हुआ है। राज्य की प्रगति के लिए मेरी शुभकामनाएं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी महाराष्ट्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण की पावन भूमि महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। चाहे अपने धर्म की रक्षा का संकल्प हो, लोक कला हो, कृषि संस्कृति का विकास हो या देश की आर्थिक समृद्धि हो। महाराष्ट्र ने देश के इतिहास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। महाराष्ट्र के मेरे भाई-बहन अपने अटूट प्रेम और कड़ी मेहनत के लिए प्रसिद्ध हैं। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि के लोगों को निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना करता हूं। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने सरकारी आवास 'वर्षा' पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने महाराष्ट्र और गुजरात स्थापना दिवस पर दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को महाराष्ट्र और गुजरात के स्थापना दिवस पर दोनों राज्यों के लोगों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि दोनों राज्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उप राष्ट्रपति ने भी दोनों राज्यों के लोगों को बधाई दी है। गुजरात और महाराष्ट्र की स्थापना 1 मई, 1960 को भाषाई आधार पर तत्कालीन बंबई राज्य के विभाजन के बाद हुई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि गुजरात राज्य के स्थापना दिवस पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर देश-विदेश में रह रहे गुजराती भाई और बहनों को हार्दिक बधाई देती हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि विश्व को शांति और अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे सपूतों की इस धरती ने सदैव मानवता को राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों ने अपनी प्रतिभा, लगन और मेहनत के बल पर दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि गुजरात प्रगति के नए मानक स्थापित करेगा और भारत को विश्व-शक्ति बनाने में अहम योगदान देगा। एक अन्य पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने महाराष्ट्र के लोगों को उनके राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मैं सभी राज्यवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। छत्रपति शिवाजी महाराज की इस धरती के लोगों में राष्ट्र-प्रेम की भावना और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का साहस सदा विद्यमान रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले, सावित्री बाई फुले और महादेव गोविंद रानाडे से लेकर बाल गंगाधर तिलक, गोपालकृष्ण गोखले और बाबा साहब आंबेडकर जैसी महान विभूतियों ने समाज को नई दिशा दी है।

### राष्ट्रपति मुर्मू का हिमाचल दौरा निरस्त, फिर से तैयार होगा दौरा कार्यक्रम

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का 5 मई को होने वाला हिमाचल प्रदेश का दौरा निरस्त कर दिया है। कई कारणों से यह निर्णय लिया गया है। बुधवार को डीसी शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इस दौरान कल्याणी हैलीपैड से द रिट्रीट तक जहां से राष्ट्रपति का काफिला गुजरना था, उन मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हिमाचल दौरा रद्द हो गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से राज्य सरकार को इसकी जानकारी दी गई है। राष्ट्रपति को 7 मई को आईआईटी मंडी की 15 साल की विकासात्मक यात्रा पर रखे गए सम्मेलन में चीफ गेस्ट के रूप में शामिल होना था। वहीं 8 मई को उनका अटल टनल जाने का कार्यक्रम था। राष्ट्रपति के दौरे को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से कई बड़े अधिकारी आकर स्थिति का जायजा ले चुके थे।

## दिल्ली सरकार कराएगी श्रमिकों और उनके परिवार की स्वास्थ्य जांच

**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों की सालाना स्वास्थ्य जांच कराएगी और उनके लिए दोपहर से अपराह्न 3 बजे तक का समय आराम करने के लिए तय करने के संबंध में अधिसूचना जारी करेगी। आज यानी 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम रेखा ने कहा कि बीजेपी सरकार आजीविका के लिए दिल्ली आने वाले लोगों के बेहतर जीवन और बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध है। बीजेपी के दिल्ली में सत्ता में आने के बाद पिछले दो महीनों में अपनी सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डालते हुए रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य जांच की योजना में सभी श्रमिक और उनके परिवार शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार यह भी तय करेगी कि जब दिन में बहुत गर्मी हो तो दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक श्रमिकों को आराम दिया जाए और इसके लिए एक अधिसूचना जारी की जाएगी।



यूक्रेन में रुसी ड्रोन हमले की जगह पर राहत व बचाव के काम में लगा एक कर्मचारी। (फोटो-ईएमएस)

## मणिपुर में जमीन विवाद को लेकर झड़प में 25 घायल, निषेधाज्ञा लागू

**इंफाल, ईएमएस।** मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में नागा समुदाय के दो गांवों में जमीन विवाद को लेकर हुई झड़पों में 12 सुरक्षाकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हुए हैं, जिसके बाद जिले के कुछ इलाकों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बुधवार शाम को उस समय हुई जब ओल्ड तामेंगलोंग गांव के करीब दो हजार लोग जमीन विवाद पर एक ज्ञापन सौंपने के लिए उपायुक्त और एसपी कार्यालय जा रहे थे।

इसी बीच दाइलोंग गांव के लोगों ने इन पर पथराव कर दिया, जिसके कारण झड़प हुई। उन्होंने बताया कि दाइलोंग के समर्थन में पास के दुइगाइलोंग गांव के लोग भी झड़प में शामिल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि हिंसा के दौरान लोक निर्माण विभाग के एक बंगले में आग लगा दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। हिंसा में 12 सुरक्षाकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हुए हैं। झड़पों के बाद जिला मुख्यालय शहर और सीमावर्ती इलाकों दाइलोंग, दुइगाइलोंग और ओल्ड तामेंगलोंग में प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि अगले आदेश तक प्रतिबंध लागू रहेंगे।

# भारत छोड़ने की डेडलाइन खत्म

### केंद्र सरकार ने वापसी जारी रखने के दिए निर्देश

### अंतरराष्ट्रीय सीमा से पाकिस्तान से भारत आए 1,465 भारतीय

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से केंद्र सरकार एक्शन में है। मोदी सरकार ताबड़तोड़ फैसले ले रही है। सरकार ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस अपने देश जाने के लिए 48 घंटे का समय दिया था, जिसकी मियाद खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी केंद्र सरकार ने अटारी-वाघा बॉर्डर से पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी जारी रखने का निर्देश दिया है। यह आदेश अगले निर्देश तक लागू रहेगा।

बता दें पहले 30 अप्रैल तक समय सीमा तय की गई थी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जारी सरकारी आदेश के बाद पिछले छह दिनों में 55 राजनयिकों, उनके आश्रितों और सहायक कर्मचारियों समेत सैकड़ों पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के जरिए भारत छोड़ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इनके अलावा पाकिस्तानी वीजा धारक 8 भारतीय भी पड़ोसी मुल्क चले गए हैं। यह सिलसिला आज भी जारी है। इसके अलावा 24 अप्रैल से अब तक पंजाब से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए पाकिस्तान से भारत में कुल 1,465 भारतीय आए हैं, जिनमें 25 राजनयिक और अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दीर्घकालिक भारतीय वीजा धारक 151 पाकिस्तानी नागरिक भी भारत आए हैं। सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ो नोटिस तब जारी किया था जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 28 लोगों की जान ले ली थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) वीजा धारकों के लिए भारत छोड़ने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल थी। मेडिकल वीज़ा धारकों के लिए देश छोड़ने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी।

### भारत के एक और दुश्मन ने कहा-

## युद्ध हुआ तो पाक का साथ देंगे...

**ओटावा, ईएमएस।** भारत का नमक खाकर, भारत की मिट्टी में पला बढ़ा गुरपतवंत सिंह पन्नू अपनी जन्म भूमि के साथ गद्दारी में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। पन्नू का कहना है कि अगर दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ता है, तो इंडियन पंजाब पाकिस्तान का साथ देगा। इससे पहले भी अलगाववादी ने पाकिस्तान के समर्थक की बात कही थी। साथ ही दावा किया था कि भारतीय सेना को हमला करने के लिए पंजाब पार नहीं करने दिया जाएगा। इससे पहले एसएफजे यानी सिख्स फॉर जस्टिस के प्रमुख पन्नू ने पाकिस्तान का साथ देने की बात कही है। उसने कहा, यह न 1965 और न 1971 है... आज है 2025 है। मैं पाकिस्तान की आवाम को भरोसा दिलाता हूं कि हम पाकिस्तान के साथ ईंट की तरह खड़े हैं। कोई भारतीय सेना की इतनी हिम्मत नहीं होने देंगे कि वो पंजाब पार कर पाकिस्तान पर हमला करे।

# अब नहीं होगी यूपीआई में गड़बड़ी और धोखाधड़ी, एनपीसीआई ने किया बदलाव

### पेमेंट की पुष्टि करने से पहले बैंक में सत्यापित नाम आएगा नजर



**नई दिल्ली, ईएमएस।** अब यूपीआई पेमेंट में होने वाली गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने नया नियम बनाया है, जिसमें अब यूपीआई ऐप्स को पेमेंट की पुष्टि करने से पहले बैंक द्वारा सत्यापित नाम दिखाना होगा। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने, धोखाधड़ी कम करने और ग्राहकों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन कराने के लिए उठाया गया है।

30 जून से सभी यूपीआई में बैंक में रजिस्टर्ड नाम भी दिखेगा। अब आपके साथ कोई धोखाधड़ी नहीं कर पाएगा क्योंकि अब भुगतान करने से पहले जिसे आप रकम भेज रहे हैं आपको उसका असली नाम नजर आएगा। अभी तक केवल उपनाम या छोटा नाम ही दिखाई देता था, जिसके चलते अक्सर भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती थी। नए नियम के मुताबिक अब वही नाम दिखेगा, जो बैंक द्वारा सत्यापित होगा यानी असली नाम। अब तक यूपीआई ऐप्स में क्यूआर कोड से लिया गया नाम, ग्राहक द्वारा लिखा गया उपनाम, फोन में सुरक्षित किए गए नाम या उपनाम दिखाए देते थे। इससे गलतियों और धोखाधड़ी की गुंजाइश रहती थी क्योंकि धोखेबाज अक्सर नामों की नकल करके ग्राहकों को झांसे में डाल देते थे। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के 24 अप्रैल के निर्देश के मुताबिक अब व्यक्ति से व्यक्ति और व्यक्ति से व्यापारी दोनों तरह के लेन-देन में केवल बैंक द्वारा सत्यापित नाम ही भुगतान की पुष्टि स्क्रीन पर नजर आएगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन उसे कहते हैं जो दो लोगों के बीच होता है। वहीं, व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन उसे कहते हैं जो छोटे बिजनेसमैन के साथ होता है। उदाहरण के लिए अगर आप किसी किराने की दुकान वाले को भुगतान करते हैं तो वह व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन होता है।

## आज श्रम, श्रमिकों व मजदूरों के महत्व को कम आंके जाने की परंपरा: मायावती



**लखनऊ, ईएमएस।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने कहा कि सभी सरकारें मजदूरों और श्रमिक वर्गों के प्रति अपना संवैधानिक दायित्व निभाएं।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- आज के आधुनिक युग में जब सरकारी स्तर पर भी व्यवसायीकरण अपने चरम पर है और श्रम, श्रमिकों व मजदूरों के महत्व को अत्यंत कम करके आंके जाने की परंपरा है, किंतु उस वर्ग का हर स्तर पर शोषण जारी रहने से मजदूर दिवस का उद्देश्य व भूमिका हमेशा की तरह आज भी प्रासंगिक व आवश्यक है। उन्होंने लिखा कि देश के करोड़ों मजदूरों और श्रमिक वर्ग में भी खासकर महिला को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की बधाई एवं उन्हें अपने मानवीय हक के लिए संघर्ष करते रहने के लिए शुभकामनाएं। सभी सरकारें मजदूरों व श्रमिक वर्गों के प्रति अपना संवैधानिक दायित्व जरूर निभाएं। इससे पहले मायावती ने केंद्र सरकार के जाति जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि देश में मूल जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने का केंद्र सरकार द्वारा आज लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम। इसका स्वागत। बसपा इसकी मांग काफी लंबे समय से करती रही है। उम्मीद है कि सरकार जनगणना से जनकल्याण के इस फैसले को समय से पूरा कराएगी। बता दें 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इस दिन मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागृत करना है। इसके साथ उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करना है। मजदूर दिवस के मौके पर आप भी विश्व भर के सभी श्रमिकों को उनकी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करें।

### पहलगाम हमला: पाकिस्तानी मंत्री लगा रहे गंभीर आरोप, मरियम बोलीं...

# भारत अपने ही नागरिकों की मौत पर कर रहा राजनीति

● इस्लामाबाद, ईमएस



भारत की जवाबी कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान में डरा हुआ है। इस बीच पाकिस्तान के मंत्री जहर उगलने वाले बयान दे रहे हैं। इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ गया है मरियम औरंगजेब का। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी की सीनियर नेता और पंजाब प्रांत की मंत्री मरियम औरंगजेब अपने भारत-विरोधी बयान को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत अपने ही नागरिकों की मौत पर राजनीति कर रहा है। साथ ही उन्होंने भारत को गीदड़ भभकी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान पर हमला किया तो जवाब तुरंत और मुंहतोड़ मिलेगा।

मरियम औरंगजेब ने यह बयान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुई एक घटना को लेकर दिया, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 28 लोगों की हत्या कर दी थी। पाक मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मामले में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के पक्ष में है, लेकिन भारत इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रहा है। मरियम पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ की सीनियर नेता हैं। वे पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेहद करीबी हैं और पहले पाकिस्तान की सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुकी हैं। उनकी मां ताहिरा औरंगजेब भी लंबे समय तक पाकिस्तान की सांसद रहीं।

मरियम को पार्टी की प्रचार मशीन कहा जाता है, क्योंकि वे अक्सर मीडिया ब्रीफिंग के ज़रिए विपक्ष को घेरती रहती हैं। 2025 में वे पंजाब की सीनियर मंत्री हैं, जो प्रांत में सरकार के लिए अहम भूमिका निभा रही हैं। मरियम का विवादों से गहरा रिश्ता रहा है। भारत-विरोधी बयानों के अलावा वे पत्रकारों पर दबाव बनाने और नियंत्रण के आरोपों में घिरी रही हैं। 2022 में लंदन में इमरान खान समर्थकों ने उन्हें घेरकर विरोध प्रदर्शन किया था। उन पर विपक्ष को निशाना बनाने के लिए भ्रामक बयान देने के भी आरोप लगे। विश्लेषकों का मानना है कि मरियम का यह बयान न सिर्फ घरेलू राजनीति को संतुलित करने की कोशिश है, बल्कि पाकिस्तानी जनता में भारत-विरोधी भावना को भुनाने की एक रणनीति हो सकती है। इससे पहले भी कई पाकिस्तानी नेता भारत पर ऐसे बयान देकर अपनी राजनीतिक पकड़ मज़बूत करने की कोशिश कर चुके हैं।

### कलेक्टर ने करही की जल प्रदाय योजना का किया निरीक्षण

**खरगोन, ईएमएस।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 01 मई को करही क्षेत्र का भ्रमण कर जल प्रदाय योजना, तहसील कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र, नगर परिषद कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान एसडीएम श्री अनिल जैन एवं तहसीलदार श्री पंकज जाट भी मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत सहायता राशि स्वीकृत

**अशोकनगर, ईएमएस।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत वैध वारिस हरीबाई पत्नि स्व. रतिराम आदिवासी ग्राम मदउखेड़ी तहसील मुंगावली, सितारा वेवा पत्नि स्व. सिद्धीक खां निवासी ग्राम अचलगढ़ तहसील मुंगावली तथा सुनीताबाई कटारिया पत्नि स्व. माधोसिंह निवासी ग्राम पेउढाना तहसील पिपरई को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।



## संपादकीय

# जाति जनगणना अर्थात विपक्ष को मुद्दा विहीन करती मोदी सरकार

लोकतंत्र में सरकार के काम-काज पर पैनी नजर रखने का काम विपक्ष के पाले में आता है। सरकार की गलतियों और खामियों को उजागर करते हुए जनहितैषी मुद्दों को समय-समय पर उठाते रहने की जिम्मेदारी विपक्ष की होती है। ऐसा करते हुए विपक्ष जनसामान्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का काम करता है, ताकि चुनाव के दौरान इसी आधार पर वह वोट मांग सके। जो विपक्ष ऐसा करने में असफल रहता है, उसे जनता नकार देती है और फिर वो राजनीतिक गलियारे के हाशिये में पहुंच जाता है। विपक्ष को फेल साबित करने के लिए सरकारें भी साम, दाम, दंड-भेद का इस्तेमाल करती आईं हैं। सियासी शतरंजी चालों से विपक्ष के मुद्दों को हथिया लेना और उन्हें मुद्दाविहन कर असहाय बना देना सरकारों का शगल रहा है। इसलिए ईमानदार विपक्ष को सदा से ही जनहितैषी मुद्दों की दरकार रहती आई है। ताकि वो सरकार को घेर सकें और अपनी मांगे मंगवा सकें। इसी आधार पर कांग्रेस पार्टी और अन्य कुछ विपक्षी दल काफी लंबे समय से देश में जाति जनगणना कराने की मांग उठाते रहे हैं। पिछले कुछ समय से तो कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रत्येक मंच से देश में जाति जनगणना कराए जाने वाले मुद्दे को प्रमुखता से उठाते चले आ रहे हैं। अब चूंकि इसी साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं, अतः इस प्रभावी मुद्दे को विशेष तौर पर सियासी धार दिए जाने का काम हो रहा था। विपक्ष की इस चाल को मोदी सरकार और भाजपा ने समय रहते भांप लिया और विपक्ष की मांग को एक तरह से मानकर उनके हाथ से इस अहम मुद्दे को भी छीन लिया है। यह अलग बात है कि अब इसका श्रेय लेने की होड़ भी मच गई है। यहां बताते चलें कि केंद्र सरकार ने अप्रत्याशित तौर पर जाति जनगणना कराए जाने का फैसला लिया है। मतलब आम जनगणना वर्ष 2026 में होगी उसी में इसे जोड़ दिया जाएगा। इस प्रकार मोदी सरकार पहले तो इस मुद्दे से बचती रही, फिर विपक्ष के दबाव और राजनीतिक मजबूरियों के चलते यह निर्णय लिया। बावजूद इसके यह सवाल अनुत्तरित है कि जनगणना कब होगी और इसके आंकड़े सार्वजनिक किए जाएंगे या नहीं? यदि मोदी सरकार जाति जनगणना करा पाती है और इसके आंकड़े भी सार्वजनिक करते हुए जारी करती है तो स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह काम पहली बार होगा। यहां बताते चलें कि इससे पहले ऐतिहासिक तौर पर अंग्रेजी शासनकाल 1931 में जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे आधार बनाकर बताया गया था कि देश में कुल 4,147 जातियां दर्ज की गईं। इस जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर मंडल कमीशन ने 1980 में पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देने की रिपोर्ट पेश की थी। मंडल आयोग की इस रिपोर्ट को 1991 में वीपी सिंह सरकार ने लागू करने का काम किया। इसके बाद साल 2011 में भी जाति जनगणना करवाई गई, लेकिन तब इसके आंकड़े सरकार ने जारी नहीं किए। बहरहाल अब मोदी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का फैसला तो ले लिया, लेकिन संघ और भाजपा को यह डर अब भी सताए जा रहा है कि ऐसा करने से उनका बृहद हिंदुत्व का एजेंडा कहीं पीछे न छूट जाए। दरअसल 1931 की रिपोर्ट और मंडल कमीशन के रिसर्च से यह सामने आया था कि देश में पिछड़े वर्ग की आबादी 54 फीसद है। अब यदि जातीय जनगणना होती है तो यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, ऐसे में राजनीतिक समीकरण बदल भी सकते हैं। इसके बाद हो सकता है कि संघ और भाजपा का हिंदुत्व वाला मुद्दा भी हाशिये पर चला जाए और विपक्ष इसका बेजा लाभ ले जाने निकल जाए। दिलचस्प बात तो यह है कि जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार कभी स्पष्टतः खुलकर विरोध में खड़ी थी। सुप्रीम कोर्ट में भी इसके खिलाफ दलीलें दी गईं थीं, लेकिन अब वही मोदी सरकार इसे अपनाने की तैयारी में दिख रही है। इसका कारण साफ है, कि बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष, खासकर आरजेडी और कांग्रेस, जातीय जनगणना को एक प्रमुख मुद्दा बना रहे थे। राहुल गांधी ने तो इसे पिछड़ों की पहचान और हक की लड़ाई का नाम दे दिया था। अब जब केंद्र सरकार ने खुद जातीय जनगणना कराने का संकेत दिया है, तो विपक्ष का यह बड़ा चुनावी हथियार अप्रभावी हो सकता है। यह राजनीतिक चाल न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश में सामाजिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जो कभी विपक्ष के गठबंधन इंडिया के संयोजक बनने की कोशिश कर रहे थे, अब मोदी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इससे यह भी संकेत मिलता है कि बीजेपी नीतीश की नीतियों को अपनाकर बिहार में जातीय आधार पर मतदाताओं को साधने की कोशिश कर रही है। अब देखना यह होगा कि मोदी सरकार बिहार चुनाव से पहले विपक्ष को मुद्दा विहीन करने में सफल हो पाती है या नहीं। खासतौर पर तब जबकि कांग्रेस व अन्य प्रमुख विपक्षी दलों ने देश में संविधान बचाओ आंदोलन जो चला रखा है।

- डॉ हिदायत अहमद खान

## राज काज

### कनाडा चुनाव में भारतीय मूल का डंका बजा

तमाम उठा-पटक और आरोप-प्रत्यारोप के बीच कनाडा के आम चुनाव संपन्न हो गए। इसमें खास बात यह रही कि भारतीय मूल के उम्मीदवारों का खूब डंका बजा है। दरअसल कनाडा के हालिया संघीय चुनाव में 24 भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कर नई संसद में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। इससे पहले 2021 में यह संख्या 21 बताई गई है। भारतीय मूल के उम्मीदवारों में विजेता रहे अनीता आनंद, बर्दिश चागर और सुख धालीवाल जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। एक बार और यह है कि अधिकतर विजेता पंजाब से संबंध रखते हैं। वहीं, न्यू डेमो `टिक पार्टी (एनडीपी) के नेता और खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को करारी हार का सामना करना पड़ा है, जो कि ट्रूडो सरकार में किंगमेकर की भूमिका अदा करते रहे। ऐसे में उनकी इस हार को खालिस्तानी एजेंडे की अस्वीकृति के रूप में देखा जा रहा है।

### भारतवंशी कमला बिसेसर ने रच दिया इतिहास

त्रिनिदाद और टोबैगो में ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन के बीच भारतवंशी कमला परसाद-बिसेसर देश की नई प्रधानमंत्री बनी हैं। 73 वर्षीय कमला बिसेसर ने यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस (यूएनसी) के नेतृत्व में चुनाव जीतकर एक दशक बाद सत्ता में वापसी की है। वे देश की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री भी हैं, जिन्होंने पहले भी 2010 से 2015 तक पद संभाला था। इस जीत के साथ उन्होंने सत्तारूढ़ पीपुल्स नेशनल मूवमेंट (पीएनएम) को सत्ता से बाहर कर इतिहास रचने जैसा काम करके दिखा दिया है। ऐसे में भारत सरकार का खुश होना लाजमी है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और कहा कि वे दोनों देशों के ऐतिहासिक और पारिवारिक संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए तत्पर हैं।

### टीआरएफ की साजिश और सतर्क भारत

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में गुस्से की लहर है, जिसे देखते हुए पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाला आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) अब एक और हमले की साजिश रच रहा है। बहरहाल पाकिस्तान को तो भारत की संभावित कार्रवाई का डर सता रहा है, इसलिए वहां के मंत्री खुलेआम भारतीय हमले की आशंका जता रहे हैं। यही नहीं पाकिस्तान की शाहबाज शरीफ सरकार अमेरिका और चीन से हस्तक्षेप की गुहार लगा रही है। इन सब को देखते हुए भारत ने भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षाबलों को किसी तरह का निर्णय लेने और कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है।

# आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित किया



ललित गर्ग



जयन्ती पर विशेष

महापुरुषों की कीर्ति युग-युगों तक स्थापित रहती। उनका लोकहितकारी चिंतन, दर्शन एवं कर्तृत्व कालजयी होता है, सार्वभौमिक, सार्वदैशिक एवं सार्वकालिक होता है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता हैं। आदि शंकराचार्य हमारे ऐसे ही एक प्रकाशस्तंभ हैं जिन्होंने एक महान हिंदू धर्माचार्य, दार्शनिक, गुरु, योगी, धर्मप्रवर्तक और संन्यासी के रूप में 8वीं शताब्दी में अद्वैत वेदांत दर्शन का प्रचार किया था। हिन्दुओं को संगठित किया। उन्होंने चार मठों की स्थापना की, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं।

आदि गुरु शंकराचार्य हिंदू धर्म में एक विशेष स्थान रखते हैं, उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करने का अर्थ है उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना। उनके लिये इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय है। उन्हें हम धर्मक्रांति एवं समाज-क्रांति का सूत्रधार कह सकते हैं। अपने जन्मकाल से ही शिशु शंकराचार्य के मस्तक पर चक्र का चिन्ह, ललाट पर तीसरे नेत्र तथा कंधे पर त्रिशूल जैसी आकृति अंकित थी, इसी कारण आदि शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें साक्षात् दर्शन देकर अंध-विश्वास, रूढ़ियों, अज्ञानता एवं पाखण्ड के विरूद्ध जनजागृति का अभियान चलाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। उन्होंने नए ढंग से हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को सनातन धर्म का सही एवं वास्तविक अर्थ समझाया। आदि शंकराचार्य के अनूठे प्रयासों से ही आज हिन्दू धर्म बचा हुआ है एवं सनातन धर्म परचम फहरा रहा है। शंकराचार्य ने अपने 32 वर्ष के अल्प जीवन में ही पूरे भारत की तीन बार पदयात्रा की और अपनी अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति और संगठन कौशल से उस समय के 72 संप्रदायों तथा 80 से अधिक राज्यों में बंटे इस देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में इस प्रकार बांधा कि यह शताब्दियों तक विदेशी आक्रमणकारियों से स्वयं को बचा सका और अखण्ड बना रहा। ऐसे दिव्य एवं अलौकिक संत पुरुष का जन्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आठवीं सदी में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। बहुत दिन तक सपत्नीक शिव की आराधना करने के अनंतर शिवगुरु ने पुत्र-रत्न पाया था, अतः उसका नाम शंकर रखा। जब ये तीन ही वर्ष के थे तब इनके पिता का देहांत हो गया। ये बड़े ही मेधावी तथा प्रतिभाशाली थे। छह वर्ष की अवस्था में ही ये प्रकांड पंडित हो गए थे और आठ वर्ष की अवस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने के समय की कथा बड़ी विचित्र है। कहते हैं, माता एकमात्र पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं दे रही थीं। तब एक दिन नदी किनारे एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब इस वक्त का फायदा उठाते हुए शंकराचार्यजी ने अपने माँ से कहा 'माँ मुझे संन्यास लेने की आज्ञा दो, अन्यथा यह मगरमच्छ मुझे खा जायेगां।' इससे भयभीत होकर माता ने तुरंत इन्हें संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान की; और आश्चर्य की बात है कि जैसे ही माता ने आज्ञा दी वैसे ही तुरन्त मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर छोड़ दिया। इन्होंने गोविन्द नाथ से संन्यास ग्रहण किया, जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए।

आदि शंकराचार्य ने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धांत और हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अनूठा एवं ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्राथमिकता से स्थापित किया। उन्होंने धर्म के नाम पर फैलाई जा रही तरह-तरह की भ्रांतियों को मिटाने का काम किया। सदियों तक पंडितों द्वारा लोगों को शास्त्रों के नाम पर जो गलत शिक्षा दी जा रही थी, उसके स्थान पर सही शिक्षा देने का कार्य आदि शंकराचार्य ने ही किया। आज शंकराचार्य को एक उपाधि के रूप में देखा जाता है, जो समय-समय पर एक योग्य व्यक्ति को सौंपी जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य ने हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए चार अगल दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर लिखी हुई इनकी टीकाएँ बहुत प्रसिद्ध हैं।

## सुविचार

जो प्राणिमात्र के लिये अत्यन्त हितकर हो, मैं इसी को सत्य कहता हूँ।

- वेदव्यास

जो अपने को बुद्धिमान समझता है वह सामान्यतः सबसे बड़ा मूर्ख होता है।

- सुदर्शन

## प्रसंग

### अंतिम दीक्षा

एक बार महर्षि व्यास ने अपने पुत्र शुक को अंतिम दीक्षा के लिए ए राजा जनक के पास भेजा । शुक आए और राजभवन के द्वार पर निर्विकार भाव से खड़े हो गए। काफी देर बाद एक व्यक्ति ने एक आसन रख दिया । शुक उस पर बैठ गए। दो दिन तक बाहर ही बैठे रहे। किसी ने उनसे यह तक नहीं पूछा कि किससे मिलना है, क्या काम है । पर शुक इत्मीनान से बैठे रहे। तीसरे दिन एक मंत्री आया और उन्हें राजभवन के अंदर ले गया। वहां भी उन्हें कई दिनों तक अकेले रहना पड़ा। वहां उन्हें सभी राजसी सुख- सुविधाएं दी गईं तब भी उनके व्यवहार में कोई अंतर दिखाई नहीं दिया । जैसे पहले थे वैसे अब भी थे। अंत में एक मंत्री उन्हें राजा जनक के पास ले गया । जनक ने उन्हें पानी से लबालब एक कलश देते हुए कहा, %इसे लेकर राजभवन के सात चक्कर लगाओ । ध्यान रखना कि एक बूंद भी छलकने न पाए । शुक ने कलश लेकर राजभवन का चक्कर लगाया, फिर जनक के पास जाकर कहा, महाराज, आप के आदेशानुसार एक बूंद भी पानी नहीं छलका। उनके चेहरे पर संतोष का भाव दिखाई दिया । जनक ने कलश लेते हुए कहा, बेटा, व्यास मुनि ने जिस दीक्षा के लिए तुम्हें भेजा है, वह पूरा हो गया है । तुम्हें अब और ज्ञान की आवश्यकता नहीं है। शुक ने कहा, पर मैंने तो ऐसा कुछ किया ही नहीं जिससे आपको मेरा आकलन करने का अवसर मिलता । जनक ने कहा, मैं एक सप्ताह से तुम्हारी परीक्षा ही ले रहा था । मैंने देखा कि दुख और सुख दोनों दशा में तुम्हारे अंदर किसी तरह का भाव उत्पन्न नहीं हुआ । तुमने अपने व्यवहार से सिद्ध कर दिया कि मोह-माया, क्रोध, लोभ, अहंकार और सुख-दुख आदि सभी विकारों पर तुमने विजय प्राप्त कर ली है। मन की एकाग्रता ही अंतिम दीक्षा है ।

# पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद



राकेश अचल

पहलगाम हत्याककांड के बाद भारत ने पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद कर दिया, अच्छा किया। पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से खदेड दिया, लेकिन क्या इससे काश्मीर में आतंकी हमले स्थाई रूप से रुक जाएंगे या ये लुकका छिपी का खेल पहले की तरह जारी रहेगा?

अगर आप गौर से देखें तो भारत ने पहलगाम हत्याकांड के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अनेक प्रतिबंधात्मक कदम आनन फानन में उठाए किंतु सीधे हमला नहीं किया। पहले बार्डर सील किए, वीजा बंद किए, सिंधुजल रोका और अब हवाई मार्ग भी बंद कर दिया।

सरकार की इन तमाम कार्रावाइयों से अमन पसंद जनता मुतमईन है। लेकिन वीर, अधीर देवतुल्य कार्यकर्त्ता अधीर हैं। पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामण को उतावले उनके मन विचलित हैं। विचलित वे हिंदू भी हैं जिनके परिजन केवल हिंदू होने की वजह से मारे गये। लेकिन बाकी देश अपने अपने काम में लगा है। देश का काम केवल युद्ध करना ही नहीं उसे टालना भी होता है। युद्ध टलना ही चाहिए। लेकिन सवाल ये है कि असल मुद्दों को भी नहीं टालना चाहिए। हमारी या किसी भी देश की सरकार आपदा में, अवसर तलाश लेती है। चीन और अमेरिका की सरकारों ने पाकिस्तान के डर का फायदा अपने ढंग से उठाया है। ये दोनों महाशक्तियां भारत का आतंकवाद के खिलाफ समर्न कर रहीं हैं लेकिन पाकिस्तान को भी युद्धक सामान देने के लिए तैयार बैठे हैं। दोनों को भारत से आतंकित पाकिस्तान पसंद है। आतंकित, भयभीत पाकिस्तान ही दोनों को मुफीद पडता है। आने वाले दिनों में भारत और पाकिस्तान की सरकारें युद्धराग मारू गाकर अपनी जनता को असल मुद्दों से भटकाए रख सकती है। सीमा पर और देश के भीतर तनाव सरकारों को हमेशा फायदा पहुंचाता है, सरकार किस दल की है ये महत्वपूर्ण नहीं होता।कांग्रेस ने अतीत में इस तनाव का लाभ उठाया, आज भाजपा की बारी है। इस माहौल में भी सियासत दबे पांव आगे बढ रही है। जातीय जनगणना का मुद्दा अब आम सहमति की ओर बढता नजर आ रहा है। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहली बार मोदी सरकार का इस मुद्दे पर सशर्त समर्धन किया है। उन्होने सरकार से जातीय जनगणना की टाइम लाइन बताने को कहा है।

राजनीति और प्रेम में यही फर्क है। राजनीति बिना शर्त नहीं चलती और प्रेम शर्तें मंजूर नहीं करता। दोनों की अपनी तबीयत है। राहुल देश में प्रेम की दूकान खोले बैठे हैं क्योंकि नफरत की तो असंख्य दूकानें पहले से मौजूद हैं। बहरहाल असल मुद्दा पाकिस्तान और आतंकवाद है। इस मुद्दे पर सरकार ने हमेशा की तरह चुप्पी साध रखी है। चुप्पी सरकार का बिना फल का बाण है। चलता भी है और जान भी नहीं लेता। रामजी ने मारीच को बिना बाण का बाण मारा थाऔर सात योजन पीछे धकेल दिया था।सरकार बिना युद्ध लडे पाकिस्तान को सात योजन पीछे करना चाहती है। युद्ध से पाकिस्तान तो बर्बाद हो जाएगा लेकिन भारत की भी कमर टूटेगी ही। भारत पहले से ही अमरीकी टेरिफ वार की मार झेल रहा है। देश के मौजूदा हालात को देखकर प्रधानमंत्री जी ने 9मयी का अपना रूस दौरा टाल दिया। विक्ट्री डे पर आयोजन समारोह में मोदी जी को शामिल होना था। अब उनके स्थान पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रूस जाएंगे।विश्व भ्रमण प्रेमी किसी भी आदमी के लिए अपनी यात्रा स्थगित करना आसान बात नहीं है। देश को मोदीजी का आभारी होना चाहिए।

इस संक्रमणकाल में अब सब मौन हैं। न ममता की चर्चा है न मायावती की। न अखिलेश यादव सुर्खियों में हैं न नीतीशकुमार। भाजपा को भी नया अध्यक्ष चुनने से राहत मिली। हालांकि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का भारत पाक तनाव से कोई सरोकार नहीं है। वैसे भी अब भाजपा के लिए अध्यक्ष का चुनाव अब महत्वपूर्ण कार्य नहीं क्योंकि अब ये तदर्थ पद है। पहले पार्टी अध्यक्ष प्रधान होता था, अब प्रधानमंत्री पद महत्वपूर्ण हो गया है।

## जरा हटके

# वैज्ञानिकों ने खोजा अदृष्य और विशाल गैस बादल, नाम दिया ईओएस

**लंदन,(ईएमएस)।** हमारे आकाशगंगा में एक अदृश्य और विशाल गैस बादल वैज्ञानिकों की नजर से अब तक छुपा हुआ था, लेकिन अब एक रिसर्च टीम ने इसे खोज निकाला है। इस गैस बादल को ईओएस नाम दिया गया है, जो ग्रीक पौराणिक कथाओं में सुबह की देवी का प्रतीक है। ईओएस न सिर्फ विशाल है, बल्कि पृथ्वी से मात्र 300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर मौजूद है यानी अंतरिक्ष की दृष्टि से यह बेहद करीब।

यह बादल मुख्य रूप से हाइड्रोजन अणुओं से बना है, इसलिए अब तक पारंपरिक उपकरणों से यह दिखाई नहीं दिया। वैज्ञानिकों ने पहली बार फार-अल्ट्रावायलेट लाइट का इस्तेमाल किया है, जिसमें हाइड्रोजन अणु चमकते हैं। यही तकनीक इस बादल की पहचान करने में सफल रही। ईओएस का आकार करीब 40 पूर्ण चंद्रमाओं के बराबर है और इसका द्रव्यमान सूर्य के मुकाबले 3400 गुना ज्यादा है। यह बादल 'लोकल बबल' नाम की गैस से भरी एक विशाल कैविटी के किनारे पर स्थित है, जिसमें हमारा सौरमंडल भी शामिल है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इसकी स्टडी से हमें इंटरस्टेलर गैस और धूल की प्रकृति और उनके जरिए नए तारों और ग्रहों के निर्माण की प्रक्रिया को समझने में मदद मिल सकती है। इस गैस बादल की मौजूदगी से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है, लेकिन इसका इतना करीब होना वैज्ञानिक अध्ययन के लिए फायदेमंद है। इससे यह देखा जा सकता है कि कैसे ब्रह्मांड में फैली गैस और धूल धीरे-धीरे मिलकर नए खगोलीय पिंडों का निर्माण करती है।

इस खोज ने पारंपरिक खोज तकनीकों को भी चुनौती दी है, जो अब तक गैस बादलों की पहचान के लिए कार्बन मोनोऑक्साइड पर निर्भर रहती थीं। चूंकि ईओएस में यह गैस बहुत कम है, इसलिए यह छुपा रह गया था। अब एफयूवी फ्लोरेसेंस तकनीक के जरिये वैज्ञानिक आकाशगंगा के और भी छुपे हुए रहस्यों को उजागर करने की दिशा में बढ़ सकेंगे। ईओएस की खोज से यह संकेत मिलता है कि बिग बैंग के समय से हाइड्रोजन गैस का प्रवाह हमारे सौरमंडल तक जारी है।

## फोटो ऑफ द डे



दमिश्क में एक शहर में गश्त करते हुए सीरियाई सुरक्षा कर्मी। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# विश्वकप का बुखार

- बसंत आर्य

एक होता है बुखार, एक दिन में उतर जाता है। जैसे एक दिवसीय क्रिकेट मैच, किस्सा ख़त्म। दूसरा होता है मियादी ज्वर। महीने-दो महीने से कम में नहीं जाता, विश्व कप की तरह। आज कल यही मौसम चल रहा है और विश्व कप का बुखार ज़ोरों पर है। इस बीमारी के लक्षण एकदम आम हैं। इस बीमारी में लोग-बाग बहुत व्यस्त हो जाते हैं, उनकी ज़िंदगी व्यस्ततम रहने लगती है।

दफ़्तरों में कर्मचारियों की ही नहीं, हाक़िमों की उपस्थिति में भी अप्रत्याशित कमी हो जाती है। सिनेमा हॉल खाली रहने लगते हैं। बन कर तैयार फ़िल्मों के रिलीज़ की तारीखें मुल्तवी कर दी जाती है। डाइरेक्टर, प्रोड्यूसर भी सोचता है जब हम खुद क्रिकेट देखने में मश्गूल हैं तो कौन-सा पागल दर्शक हमारी फ़िल्में देखने आएगा। किताबें तो वैसे ही कोई नहीं पढ़ता है पर टेलिविजन पर भी स्पोर्ट्स चैनलों की ही चाँदी हो जाती है और सारे विज्ञापन उनकी ही झोली में गिरने को आतुर हो जाते हैं। दर्शक भी उन्हीं चैनलों का अवलोकन करते हैं। मतलब ये बुखार लगा तो दुनिया की सारी चीज़ें फीकी हैं।

जिसे देखो वही इस कप में डूबा हुआ है। पता नहीं इसे विश्व कप कहते क्यों हैं, आख़िर इसका वास्तविक अर्थ क्या है। पर इतना तो तय है कि समूचा विश्व इस छोटे से कप में समाया हुआ है। हर कोई इसकी चर्चा में डूब - उतरा रहा है। जिन लोगों में दम है वे तो सीधे साउथ अफ्रीका पहुँच गए हैं। जो नहीं जा पाए हैं उनके लिए टेलीविज़न एक मात्र सहारा है। इन दिनों गली-गली में भी जहाँ देखो सब क्रिकेट ही खेल रहे हैं। जो क्रिकेट नहीं खेल पा रहे हैं वे लोग क्रिकेट पर सट्टा खेल रहे हैं। वैसे यह कोई बड़ी बात नहीं है। जब भी विश्वकप आता है, ऐसा ही होता है। ऋतु बसंत के आते ही आमों पर मंज़र लद जाते हैं। भ्रमरों का गुंजन प्रारंभ हो जाता है, कोयल की कूक दिल में हूक उठाने लगती है। मतलब चारों ओर मस्ती ही मस्ती। अफ़सर चपरासी से स्कोर पूछ रहा है, चपरासी गदगद हो कर साहब को बता रहा है। यही तो मौका है जब समाजवाद का सपना साकार होता नज़र आ रहा है। शेर और बकरी एक ही घाट पर पानी पीने में मानहानि नहीं समझ रहे हैं। आप राह चलती खूबसूरत लड़की की नज़रों में नज़रें डालते हैं और वह आपसे स्कोर पूछती है, आप धन्य हो जाते हैं। हे क्रिकेट देवता तुम्हें सलाम।

एक कंपनी का बिस्किट खाइए तो वह आपको सीधे मैदान में जाकर खेल का मज़ा लेने के लिए हवाई जहाज़ का टिकट उपलब्ध करा रही है। दूसरी कंपनी का साबुन ख़रीदिए तो वह आपको कप पाने वाले खिलाड़ी के साथ डिनर टेबल पर गप लड़ाने का मौका दिलाएगी। एक टी.वी. कंपनी के विज्ञापन में तो बताया गया है कि विश्व कप देखने के लिए एक मात्र उसी कंपनी की टी.वी. ऑफिशीयल है।

इन दिनों हर जगह एक ही रंग है। एक होटल में खाना खाने गया तो चमचे की जगह छोटा-सा बैट रखा था और रसगुल्ले को देखकर लग रहा था जैसे मिठाई नहीं क्रिकेट की गेंदे परोस दी गई हो। क्रिकेट को छोड़ कर किसी को कुछ सूझता ही नहीं। पिछली बार जब विश्व कप हुआ था मेरे मुहल्ले की एक लड़की अपने खिलाड़ी नंबर वन के साथ टेस्ट मैच खेलने हेतु घर से गुप्त प्रयाण कर गई।

## चिंतन-मनन

# आत्मबल के लिए

एक गरीब बुढ़िया थी। अपनी झोपड़ी में अकेली रहती थी। उसके पास एक गाय थी। बस उसी के सहारे वह अपना जीवन निर्वाह करती थी। पर्युषण पर्व चल रहा था। वह अपनी झोपड़ी में बैठी-बैठी रोज देखती थी कि गांव के लोग बहुत ठाट-बाट से पूजा की थाल और प्रसाद आदि लेकर लिए मंदिर जा रहे हैं। उन्हें देख कर बुढ़िया सोचती थी, मैं इतनी ठाट से पूजा नहीं कर सकती, मेरे पास पर्याप्त साधन नहीं है। पूजा की इच्छा दब जाती। एक दिन उसने सोचा, यदि पूजा नहीं कर सकती तो आरती तो कर सकती हूं। बस, यह सोच कर वह उठी, अपनी गाय के दूध से निकाला हुआ घी लिया। पड़ोसी के एक कपास के खेत में से थोड़ी-सी रूई ले आई।

एक मिट्टी के दीपक में आरती संजोकर चल दी मंदिर की ओर। अत्यंत श्रद्धा भक्ति से उसने आरती की, जिसके परिणाम स्वरूप आगामी भव में उसे अत्यंत ज्ञानी मुनिराज की पर्याय प्राप्त हुई। न कोई उपवास, न कोई व्रत, केवल पवित्र भावना, श्रद्धा और भक्ति से उसे यह प्राप्त हुआ।

किसी शक्तिहीन व्रती प्राणी का उपहास मत कीजिए। संभव है, उसमें शक्ति की अल्पता हो पर भक्ति की प्रबलता हो। कोई छोटा बच्चा पवित्र भावना लेकर व्रत करना चाहता है, तो उसे रोकिए मत, करने दीजिए। उसकी भावनाओं को खंडित मत कीजिए, ठेस मत पहुंचाइए। बल्कि उसे व्रत के वास्तविक उद्देश्य को समझा कर उसके इरादे को और दृढ़ बनाइए। तप के मार्ग को सामान्य मत समझिए।

## स्वास्थ्य

# पुश-अप्स से हार्ट अटैक का खतरा घटता है, अध्ययन में हुआ खुलासा

**हार्वर्ड (ईएमएस)।** क्या आप जानते है कि पुश-अप्स से हार्ट अटैक का खतरा घटता है। जी हॉ हाल ही में हुए एक अध्ययन से यह सामने आया है कि यदि कोई व्यक्ति नियमित रूप से पुश-अप्स करता है तो वह हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों के जोखिम से काफी हद तक बच सकता है। आजकल हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और अक्सर खबरों में सुनने को मिलता है कि कोई चलते-चलते या डांस करते समय अचानक गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।

अधिकतर मामलों में लोगों को यह पता ही नहीं होता कि उनके दिल में पहले से कोई समस्या मौजूद थी, क्योंकि शुरुआत में इनके लक्षण दिखाई नहीं देते। ऐसे में पुश-अप्स एक प्रभावी तरीका हो सकता है जिससे दिल की सेहत को सुरक्षित रखा जा सकता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह पाया गया कि यदि 30 से 40 वर्ष की उम्र के बीच नियमित रूप से पुश-अप्स किए जाएं तो इससे दिल की कार्यक्षमता बेहतर होती है और धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने की संभावना काफी कम हो जाती है। यह अध्ययन हाल ही में एक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। रिसर्च के दौरान अग्निशमन दल के कुछ सदस्यों पर अध्ययन किया गया, जिसमें उनकी पुश-अप्स करने की क्षमता और स्वास्थ्य डाटा का विश्लेषण किया गया।

### रेलवे स्टेशन प्रांगण में विद्युत कार्य हेतु कल विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

**अशोकनगर, ईएमएस।** शनिवार को रेलवे स्टेशन अशोकनगर प्रांगण में अति आश्वयक विद्युत संबंधित कार्य किया जाना है। जिस कारण अशोकनगर सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही फीडर मेन बाजार फीडर स्टेशन रोड, सुभाषगंज, बिलाला मिल रोड, गांधी पार्क, गुरूद्वारा क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगा। विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय आवश्यकतानुसार घटाया-बढाया जा सकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, सचिव मनीष अनुरागी एवं न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौड़ की उपस्थिति में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर इंदिरा पार्क अशोकनगर में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 योजनांतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं, एवं विधिक सहायता के विषय में जागरूक करना था।

## फटाफट खबरें

### पेयजल संकट के निवारण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**अशोकनगर, ईएमएस।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट के निवारण हेतु समय-सीमा में हेण्डपंप संधारण कार्य को दृष्टिगत रखते हुये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस कंट्रोल रूम के लिए विशेष प्रभारी अधिकारी राजेश चंदेल मो.7869116556 होगें। कंट्रोल रूम के लिए पूरन सिंह रजक मो.9893911483 की प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक, बृजभान सिंह यादव मो. 7898862736 की दोपहर 03 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं राजेन्द्र सिंह यादव मो. 8349088783 की रात्रि 11 बजे से प्रातः 07 बजे तक ड्यूटी लगाई गइ है। यह कंट्रोल रूम कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 115/116 में स्थापित किया गया है।

### पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी एवं मौन सभा का किया आयोजन

**सिवनीमालवा(ईएमएस)।** तहसील सिवनीमालवा कि उपनगरी बानापुरा नये बस स्टैंड के पास पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी एवं मौन सभा रखी गई। जिसमें सिवनीमालवा एवं बानापुरा के नागरिकों ने श्रद्धांजलि दी। सिवनीमालवा बानापुरा में पहली बार ऐसा देखने को मिला जिसमें सभी धर्मों एवं समाज के लोगों ने एक जुट होकर आतंकवाद का विरोध किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए भारत सरकार से मांग की है कि आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और आतंकवाद खत्म किया जाए। श्रद्धांजलि एवं मौन सभा में अनिल कलवानी, पंकज रघुवंशी, संतोष गायकवाड़, तरूण पालीवाल, आशीक खान, अय्यूब खान, रोहित भिलाला, सूरज मालवीय, शिक्षक हेमंत सराठे, जीवन यदुवंशी, गिरीश मोदी, शरद घावरी, अमर दीप चौबे, दिनेश यादव एवं समस्त हाथ ठेला वाले व्यापारी, दुकानदारों, आम जनता एवं पत्रकार अरुण कश्यप ने मौन सभा कर श्रद्धांजलि दी।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

### मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

# डॉक्टरों का उपस्थिति रजिस्टर किया चैक अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी

**अशोकनगर, ईएमएस।**

कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरूस्त रखे जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिये।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर को चेक कर डॉक्टर एवं स्टॉफ की उपस्थिति को देखा। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गये स्टॉफ कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत करते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा किये गये प्रबंधों, स्वास्थ्य सुविधाएं



एवं डॉक्टरों की उपस्थिति के बारे में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि समय पर मरीजों के लिये चाय, नास्ता, भोजन समय पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही उन्होंने अस्पताल में नियमित रूप से साफ-सफाई समय पर हो यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अस्पताल का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे, डॉक्टर समय पर उपस्थित हो यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि डॉक्टरों की नेम प्लेट सहित वार्डों में स्टॉफ ड्यूटी की सम्पूर्ण समय सारणी की जानकारी अंकित किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से सिविल सर्जन को हिदायत दी कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार हो तथा चिकित्सक समय पर अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दें। जिससे मरीजों को अपने इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

#### 15 दिन में दूसरा दौरा

कलेक्टर आदित्य सिंह का पदभार संभालने के बाद 15 दिनों में जिला अस्पताल का यह दूसरा दौरा था। कलेक्टर सीधे वार्डों में पहुंचे और मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से उपचार की गुणवत्ता और भोजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। गर्मी के मौसम को देखते हुए बाल रोगी वार्ड में एयर कंडीशनर की जांच की। उन्होंने खिड़कियां बंद करवाकर एसी की कार्यप्रणाली की जांच करवाई। कलेक्टर ने एनआरसी वार्ड का भी निरीक्षण किया और वहां कुछ आवश्यक बदलाव करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. डीके भार्गव मौजूद रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया साफ-सफाई सुबह 7 बजे से पहले पूरी होनी चाहिए। सभी स्टाफ को सुबह 9 बजे तक अस्पताल पहुंचना अनिवार्य किया गया। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की सूची बोर्ड पर लगाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति नादनखेड़ी खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

## फसल तुलाई प्रक्रिया की जांच कराए जाने के दिए निर्देश

**अशोकनगर, ईएमएस।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित नादनखेड़ी श्रीराम वेयर हाउस टीला रोड़ मुंगावली का गुरूवार को कलेक्टर आदित्य सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्राली दर ट्राली खुले में पड़े गेंहू को देखकर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने फसल तुलाई की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जांच कर पंचनामा बनवाए जाने के निर्देश एसडीएम को दिए।

इस अवसर पर उपस्थित नायब तहसीलदार तथा पटवारी को उपार्जन कार्य की व्यवस्थाएं दुरूस्त किए जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों की संख्या एवं गेहूं खरीदी के बारे में जानकारी ली। इस संबंध में बताया कि इस समिति में 172 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है। अभी तक 20509 क्विंटल गेंहूं की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने एफ.ए.क्यू. गेंहू की गुणवत्ता जांच के संबंध में सर्वेयर से जानकारी ली। उन्होंने वेयर हाउस में उपस्थित कृषकों से पेयजल, छाया, बैठने, फसल तुलाई तथा भुगतान के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

#### समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह को उपार्जन केन्द्र पर फसल उपार्जन का कार्य नियमानुसार संधारित एवं व्यवस्थित न होने तथा किसानों को कम्प्यूटरीकृत पर्ची न दिए जाने संबंधी शिकायतों के संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

### प्रख्यात कथावाचक श्याम सुंदर के कथास्थल पर लगने लगा डोम

## आस-पास के ग्रामों में बांटे गए हजारों निमंत्रण पत्र

**खरगोन, ईएमएस।** खरगोन के पास स्थित ग्राम टेमला में 5 मई से प्रख्यात कथावाचक डॉ.श्यामसुंदर पाराशर की श्रीमद् भागवत कथा 5 मई से 12 मई तक चलेगी। कथा के लिए 50 से अधिक हजार स्क्वेयर फीट में वातानुकुलित डोम बनाए जा रहे है, जबकि 18 एकड़ में भोजनशाला, विश्राम गृह, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, खोया- पाया केंद्र और शीतल जल के लिए जगह- जगह स्टॉल लगाए जा रहे है ताकि, श्रोताओं को परेशानी न हो। कथा में लाखों श्रोताओं के आने का अनुमान लगाया है। कथा का आयोजन श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन समिति के तत्वाधान में हो रहा है। समिति से जुड़े विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बताया कि कथा आयोजन को लेकर समूचे गांव में उत्साह का माहौल है। समूचा गांव यहां तक की मातृशक्ति भी तैयारियों में जुटी है। कथा श्रवण के लिए मुख्यमंत्री सहित समूची केबिनेट और सनातन समाज के संत, कथावाचको, साधुओं को भी निमंत्रण पत्र दिए गए है।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

# आम जनता का स्तंभ है पत्रकारिता: भीमावद

■ **संभागीय अध्यक्ष जैन का जिला संगठन ने स्वागत कर किया सम्मान**

**अभिषेक सक्सेना, शाजापुर, ईएमएस।**

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार श्रमिक दिवस 1 मई के अवसर पर संघ की जिला इकाई ने अपनी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। नगर के आजाद चौक से वाहन रैली के रूप में पत्रकार कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे।

ज्ञापन के बाद आयोजित जिला बैठक को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए शाजापुर विधायक अरूण भीमावद ने कहा कि देश की आजादी के बाद आम लोगों द्वारा अपनी आवश्यकताओं व मांगों को विधायिक व कार्यपालिका तक पहुंचाने के लिए तैयार किया गया चौथा स्तंभ है पत्रकारिता। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के नव नियुक्त उज्जैन संभाग अध्यक्ष मनोज जैन का अतिथियों व संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना के नेतृत्व में जिले के पत्रकारों ने स्वागत व सम्मान किया। जिला बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री भीमावद ने आगे कहा कि पत्रकारों को अपनी कलम के माध्यम से तथ्यपरक समाचार प्रकाशित कर सच का साथ देना चाहिए। नकारात्मक पत्रकारिता करने वाले लोग अपनी छबि तो समाज में खराब करते ही है साथ ही पत्रकारिता पर धब्बा लगाते हैं। उन्होंने नव नियुक्त संभाग अध्यक्ष श्री जैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उनके



माध्यम से पूरे उज्जैन संभाग में भी हमारी आवाज बुलंद हो सकेगी। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने कहा कि पत्रकारों को आईने की तरह सापेक्ष पत्रकारिता करना चाहिए। शासन-प्रशासन द्वारा जो भी अच्छे कार्य किए जा रहे हैं उन्हें अक्षरशः प्रकाशित करना चाहिए। साथ ही यदि खामियां है तो उन्हें भी उजागर करना चाहिए। डॉ. पांडे ने कहा कि सरकार के अच्छे कामों को प्रमुखता से प्रकाशित करने वाले पत्रकारों को कतिपय राजनीतिक दल गोदी मीडिया कहते हैं जो कि बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। ईमानदार पत्रकारों को ऐसे राजनीतिक दलों का विरोध करना चाहिए। स्वागत भाषण देते हुए संघ के जिलाध्यक्ष श्री सक्सेना ने कहा कि शाजापुर जिले के लिए ये सौभाग्य की बात है कि संगठन का उज्जैन संभाग अध्यक्ष मेरे पूर्व 15 सालों तक जिलाध्यक्ष रहे श्री जैन को बनाया गया है। 15 साल तक श्रमजीवी पत्रकार संघ का शाजापुर जिलाध्यक्ष रहने के बाद श्री जैन ने अपनी स्वैच्छा से पद छोड़ा। जिलाध्यक्ष के रूप में उनकी सक्रियता एवं कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए हमारे प्रांताध्यक्ष श्री भदौरिया ने उन्हें उज्जैन संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जैन के मार्गदर्शन में अब पूरे उज्जैन संभाग में संघ सक्रियता के साथ काम करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उज्जैन संभागीय उपाध्यक्ष किशोर खन्ना ने कहा कि पत्रकारों से सभी की बहुत कुछ अपेक्षाएं रहती है, लेकिन जब पत्रकार मुसीबत में हो और उसे किसी की आवश्यकता पड़ती है तो सभी शतुरमुर्ग की तरह अपना मुंह छुपा लेते हैं। पत्रकारों पर बेवजह दर्ज होने वाले प्रकरण इसका जीता जागता उदाहरण हैं। श्री खन्ना ने कहा कि शाजापुर जिले के पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संघ के पदाधिकारी लोकेंद्र सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आशीष नागर उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का शाल व सांफा बांधकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव उमेश टेलर ने किया एवं आभार शाजापुर ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत आर्य ने माना।

**नियुक्ति में जिले के पत्रकारों की भूमिका: जैन :** जिला बैठक में स्वागत एवं सम्मान समारोह से अभिभूत श्रमजीवी पत्रकार संघ के उज्जैन संभागीय अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि मुझे इस पद तक पहुंचाने में शाजापुर जिले के सभी पत्रकारों की अहम भूमिका है। मेरे 15 वर्षीय जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में जिले के गांव-गांव के पत्रकार साथी मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। जिले के पत्रकार साथियों के कारण ही आज में इस पद तक पहुंच सका हूं।

## समाजसेविका गंगा रघुवंशी को मिला महिला समिति अध्यक्ष का दायित्व

**अशोकनगर, ईएमएस।** दूर दराज के ग्रामों में रह रहे जनजाति समाज के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा की अलख जगाने का कार्य कर रहे संगठन एकल अभियान अंचल अशोकनगर की महिला समिति द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए एकल संभाग प्रभारी आशा रघुवंशी की अनुशंसा पर समाजसेविका श्रीमती गंगा दिलीप सिंह रघुवंशी को अध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया है। श्रीमती रघुवंशी को नवीन दायित्व मिलने पर समिति के सदस्यों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी और उनसे संगठन विस्तार ओर संगठन को मजबूती देने की अपेक्षा रखी गई। बता दे कि एकल अभियान द्वारा देशभर में 4 लाख से अधिक एकल विद्यालय संचालित किए जा रहे हे। इन विद्यालयों में एकल आचार्य के माध्यम से जनजाति समाज के बीच पंचमुखी शिक्षा ओर हरी कथा के माध्यम से समाज को जाग्रत कर उन्हे राष्ट्रपयोगी बनाया जाता है।



## अक्षय दीक्षित की मृत्यु पर पिता ने पुलिस जांच पर उठाए गंभीर सवाल, एक पैर गायब बताया, पत्रकारवार्ता में रखी बात



**नर्मदापुरम (ईएमएस)।** नगर के युवा नेता अक्षय दीक्षित का एक सड़क दुर्घटना में 11 जून 2023 को निधन हो गया था। इसके बाद से ही स्वर्गीय अक्षय दीक्षित के पिता वरिष्ठ समाजसेवी अरुण दीक्षित ने सड़क दुर्घटना पर उनके बेटे की संदिग्ध मृत्यु पर सवाल उठाते हुए डॉक्टर दहलवार सहित डॉक्टर रोहित शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार को आईटीआई रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में सर्वधर्म संगठन के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी अरुण दीक्षित द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित कर अपने पुत्र स्वर्गीय अक्षय दीक्षित की मृत्यु पर गंभीर सवाल उठाए।

पत्रकार वार्ता में अवगत कराया कि सडक दुर्घटना में मेरे बेटे अक्षय दीक्षित का स्वर्गवास हो गया था, संबंधित डॉ दहेलवार एवं डॉ रोहित शर्मा द्वारा पुलिस थाने में दिए गए बयान के अनुसार जानवर के सामने आ जाने के कारण उसको बचाने में गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई लेकिन पुलिस द्वारा इसका उल्लेख नहीं करते हुए सिर्फ तेज गति से वाहन चलाने का उल्लेख किया गया। जिसके कारण एलआईसी द्वारा दुर्घटना हित लाभ का भुगतान रोक दिया गया। पुलिस द्वारा बेटे अक्षय का एक पैर गायब होना भी बताया गया जबकि हजारों लोगों की उपस्थिति में अक्षय का दाह संस्कार किया गया था। सभी लोगों ने अक्षय की पूरी बॉडी का अवलोकन किया था, पोस्टमार्टम समय पर भी बेटे के दोनों पैर मौजूद थे। पुलिस द्वारा किस आधार पर एक पैर गायब बताया गया जांच की जाना चाहिए। उसके साथ ही दुर्घटना के तहत पंचनामा पूर्ति से पुलिस द्वारा अवगत नही कराया गया। तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को दुर्घटना से संबंधित जांच किए जाने हेतु आवेदन दिनांक 02.11.2023 को भी दिया गया था परंतु पुलिस द्वारा जांच आवेदन को शिकायत आवेदन मानकर संबंधित डॉक्टर के बयान लेकर प्रकरण को खात्मा रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत कर दिया गया। दुर्घटना से संबंधित अगर पुलिस द्वारा जांच की जाती तो निश्चित ही अक्षय की मृत्यू पर उठे सवाल का समाधान किया जा सकता था जो मेरे द्वारा 14 बिन्दुओं पर जांच किये जाने हेतु प्रस्तुत किये गये जांच आवेदन पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को देने के उपरांत संबंधित डॉक्टर द्वारा अपने बयान को पलट दिया गया एवं यह आरोप लगाया कि अक्षय दीक्षित नशा किए हुए था जबकि संयुक्त निदेशक क्षेत्रीय न्यायालिक विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा भोपाल से बिसरा रिपोर्ट में किसी भी प्रकार का नशे का उल्लेख नही किया।

## कलेक्टर ने करही की जल प्रदाय योजना का किया निरीक्षण

**खरगोन, ईएमएस।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने गुरुवार को करही क्षेत्र का भ्रमण कर जल प्रदाय योजना, तहसील कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र, नगर परिषद कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान एसडीएम अनिल जैन एवं तहसीलदार पंकज जाट भी मौजूद थे। नगरीय क्षेत्र करही को पेयजल सप्लाई करने के लिए बनाई जा रही योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम बहेगांव में इन्टकवेल निर्माण एवं बन्डेरा में फिल्टर प्लांट के कार्य को देखा। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन्टकवेल एवं फिल्टर प्लांट का कार्य युद्धस्तर पर किया जाए और इसे समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जिससे करही नगरीय क्षेत्र को पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा सकेगी। उन्होंने इस कार्य के ठेकेदार को भी चेतावनी दिया कि समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। शहरी क्षेत्र में किये गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने करही की गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने गौशाला के पशुओं के लिए चारे, पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।



## समर कैंप में विद्यार्थियों की क्रिएटिविटी को मिला बढ़ावा : सीए रघुवंशी

### आदित्य विद्या विहार स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

**खरगोन, ईएमएस।** शहर के खंडवा रोड पर संचालित हो रहे आदित्य विद्या विहार हायर सेकण्डरी स्कूल में चल रहे 10 दिवसीय कैंप का प्रमाण-पत्र वितरण के साथ समापन हुआ।

स्कूल संचालक एवं सीए अनिल रघुवंशी ने बताया कि कैंप का उद्देश्य बच्चों के लिए संर्वागीण विकास, सीखने सिखाने के साथ.साथ क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना व बच्चों की गर्मी की छुट्टियां का रचनात्मक उपयोग कर उनकी खुबी को विकसित करना था। इस कैंप में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप में नृत्य, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट की मुख्य गतिविधियां रहीं। संगीत में सभ्याचार गीतों ने विद्यालय के प्रांगण को खुशनुमा बना दिया।




प्राचार्य अमन सचान ने कहा कि इंटरनेट के जमाने बच्चों की जीवनशैली बदल गई है। बच्चें आउटडोर गेम से दूर हो रहे है। उन्होनें बच्चों से बचपन को खुलकर जीने की सलाह दी। समर कैंप के अंतिम दिन समापन समारोह में सभी बच्चों ने समर कैंप में जो सीखा उसकी प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित पालको एवं अतिथियों ने सराहा। विद्यार्थीयों को प्रमाण पत्र वितरित कर शिविर का समापन किया गया। विद्यालय संचालक पुरूषोत्तम रघुवंशी एवं उपप्राचार्य के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक .शिक्षिका भी उपस्थित थे।

### जिले के 1012 हितग्राहियों को मिला संबल, खातों में पहुंची 21 करोड़ 86 लाख रुपये की राशि

**खरगोन, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के उमरबन में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों के बैंक खातों में 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की है। इसमें जिले के संबल योजना के 1012 हितग्राही शामिल हैए जिनके खाते में 21 करोड 86 लाख रुपये की राशि जमा हुई है। खरगोन के 62 हितग्राहियों के खाते में एक करोड़ 44 लाख रुपये अंतरित किए गए है।

## कलेक्टर ने तहसीलदार प्रभारी तहसीलदार के मध्य कार्य विभाजन किया

**अशोकनगर, ईएमएस।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था में फेरबदल का आदेश जारी किया है। इसमें 5 तहसीलदार और नायब तहसीलदार व अधीक्षक के तबादले किए गए हैं। अशोकनगर तहसील के प्रभारी तहसीलदार रोहित रघुवंशी को जिला निर्वाचन कार्यालय में नई जिम्मेदारी दी गई है।

उनकी जगह मुंगावली के प्रभारी तहसीलदार दीपक यादव को अशोकनगर का नया प्रभारी तहसीलदार नियुक्त किया गया है। शाढ़ौरा के प्रभारी तहसीलदार लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार को मुंगावली का प्रभारी तहसीलदार बनाया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से अशोक कुमार गौतम को शाढ़ौरा का तहसीलदार नियुक्त किया गया है। साथ ही, अशोक सिंह तोमर को प्रभारी सहायक अधीक्षक के पद से स्थानांतरित कर जिला निर्वाचन कार्यालय से अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय में भेजा गया है।

▸ आरोपियों की अग्रिम जमानत पर फैसला शुक्रवार को आएगा

# चर्चित डेरा सच्चा सौदा जमीन फर्जीवाड़ा मामले में अग्रिम जमानत पर हुई सुनवाई, आज आएगा फैसला

**नर्मदापुरम, ईएमएस।**

नगर के चर्चित डेरा सच्चा सौदा जमीन खरीद फरोख्त फर्जीवाडा मामले में आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी पर आज बहस हुई है। विशेष न्यायाधीश की अदालत में आज अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई है,जिस पर फैसला सुरक्षित रखा गया है। आरोपियों की अग्रिम जमानत पर फैसला कल शुक्रवार को आएगा।

अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र पटेल ने बताया कि अधिवक्ता सुशील गोयल और उनके बेटे एकांश व दिव्यांश की अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई गई है। जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी थी परंतु 1 दिन के लिए फैसला टल गया और आज उस पर सुनवाई हुई है। कल शुक्रवार को अग्रिम जमानत पर फैसला आएगा।



अवगत हो कि नगर के चर्चित डेरा सच्चा सौदा जमीन फर्जीवाड़ा मामले में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायालय से अनुमति लेकर एफआईआर में चार नए आरोपी बनाए गए हैं। जिसमें शहर के अधिवक्ता सुशील गोयल, उनके दोनों बेटे दिव्यांश और एकांश सहित आरपी यादव को भी आरोपी बनाया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी बनाए गए अधिवक्ता सुशील गोयल सहित उनके बेटे फरार हो गए हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। फरार आरोपियों द्वारा न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया हुआ है। जिस पर आज सुनवाई हुई है। मामले में अधिवक्ता संजय मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता संतोष जैन के आवेदन पर जांच उपरांत न्यायालय से अनुमति आरोपियों के नाम बढ़ाए हैं। कोर्ट में आज अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई है। माननीय न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा है,अग्रिम जमानत पर हुई सुनवाई का आदेश कल आएगा।हमने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को गिरफ्तार कर ओमप्रकाश बरेठा की सच्चाई सामने लाई जा सके, जिससे पूरी स्थिति सामने स्पष्ट होगी। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी से ही ओमप्रकाश बरेठा की पहचान हो सकेगी। इसलिए उनकी गिरफ्तारी जरूरी है।

# नगर निगम की लापरवाही से सड़क हादसों का बढ़ा खतरा

**बुरहानपुर, ईएमएस।**

शहर में नगर निगम के द्वारा प्रमुख सीसी रोड पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शहर की सड़कों को सुगम और बेहतर बनाना है। लेकिन यह कार्य बिना इंजीनियरों की निगरानी के किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को सुविधा के बजाय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा कार्य की निगरानी नहीं किए जाने से सीवरेज लाइन के चैंबरों को दरकिनार कर दिया गया है। डामरीकरण करते समय इन चैंबरों को ऊपर उठाने या समतल करने की बजाय उन पर डामर डालने से बचा गया, जिससे ये स्थान बड़े-बड़े गड्ढों में बदल गए हैं। मुख्य मार्गों पर बने ये गड्ढे न केवल वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। विशेष रूप से रात के समय जब दृश्यता कम होती है, तब इन गड्ढों में गिरकर वाहन चालकों के घायल होने की संभावना और बढ़ गई है। नगर निगम की इस प्रकार की लापरवाही आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ के समान है। नगर निगम का यह गैरजिम्मेदाराना रवैया बताता है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। ज़रूरी है कि संबंधित अधिकारी तुरंत संज्ञान लें और डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें। साथ ही, जिन स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं, उन्हें तुरंत ठीक किया जाए ताकि शहरवासी सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से चल सकें। वही डामरीकरण किए जाने वाले रोड़ों पर रोड इंजीनियरिंग का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है डामरीकरण करने से रोड के कुछ भाग ऊंचे और नीचे हो गए हैं जहां आवाजाही में दिक्कतों के साथ ही बारिश के समय पानी भी रुकेगा जो रोड को नुकसान पहुंचा सकता है!



## लीनेस क्लब ने मनाया चार्टर डे

**मैहर।** डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अनीता कपूर, डिस्ट्रिक्ट स्लोगन नव प्रयास नव इतिहास, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट इन्द्रधनुष क्लब एवं होम क्लब मैहर द्वारा चार्टर डे मनाया गया। कार्य म के अंतर्गत सभी सदस्य मंदिर पहुँचे जहाँ विधिवत पूजा.अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने समाज कल्याण के संकल्प के प्रतीक रूप में पाँच पाँच दीप प्रज्वलित किए। दीप प्रज्वलन के माध्यम से सदस्यों ने समाज सेवा के प्रति अपनी सहभागिता और समर्पण व्यक्त किया।



## सिरोंज में शुक्रवार को विद्युत कटौती होगी

**सिरोंज।** 33 11 के वी सिरोंज उपकेंद्र पर आवश्यक कार्य होने के कारण सुबह 9:00 बजे से सुबह 10:30 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी फीडर पर लिंक रोड बासौदा रोड बस स्टैंड हाजीपुर बजरिया रैदास पथ नयापुरा चपाती पालीवाल कॉलोनी बेगम बाग मंडी रोड किडी कटरा कठाली बजार छतरी चोराहा बामोरा रोड सिकंदरपुर अथॉरिटी ऑरन रोड ग्रीन सिटी रोलपुर चौराहा दुर्गा नगर इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।



### फटाफट खबरें

## हनुमान चालीसा सप्ताह पाठ कर जीवन को धन्य करें

**देवास।** सामुहिक रूप से हन्नुमान जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष बैठकर हनुमान जी के चरणों में ध्यान लगाकर सप्ताह पाठ हनुमान चालीसा कर अपने जीवन को धन्य करे। श्री राम हनुमान सेवा संचालन समिती अध्यक्ष दिलीय बांगर ने शहर के श्रदालु भक्तो से आग्रह करते हुए बताया कि श्रीराम मंदिर प्रांगण इटावा में एक सप्ताह तक दि. 6 मई मंगलवार से 12 मई तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं सायं 4 बजे से रात्री 10 बजे तक सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने का आयोजन रखा है। इस आयोजन में सभी भक्त अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते है। हनुमान चालीसा के पाठ की महिमा बहुत व्यापक है। इसे पढने से व्यक्ती का मनोबल बढता है, आत्मविश्वास बढता है, भय और तनाव से मुक्ति मिलती है। मानसिक शांति मिलती है। गम्भीर बिमारी दूर होती है। जो यह पढे हनुमान चालिसा होय सद्धि राखी गौरीसा, भगवान शंकर स्वयम साक्षी है हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले भक्त को सिद्धि प्राप्ती होगी। वर्तमान इस कलीकाल में सभी भक्त अपने कल्याण हेतु आयोजित सप्ताह पाठ हनुमान चालीसा जैसे आयोजन मे अधिक से अधिक सख्या में शामिल होकर हनुमान जी की कृपा को प्राप्त करे।

## पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**देवास।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया(दद्दा जी) के निर्देश पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 21 सूत्रीय ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना को सौंपा गया। ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, सुविधाओं और अधिकारों को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गई हैं। संगठन ने साफ किया कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सिपाही हैं, लेकिन वे खुद अनेक जटिलताओं और समस्याओं से जूझ रहे हैं। मांगपत्र में पत्रकार सुरक्षा कानून को तत्काल लागू करने, श्रद्धा निधि योजना में अधिमान्यता की शर्त हटाने और उसे आजीवन देने, पत्रकार भवनों के लिए निःशुल्क भूमि, टोल टैक्स में छूट, स्वास्थ्य बीमा योजना और शिक्षा में रियायत जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी गई है। मुरैना में 26-27 मार्च 2025 को आयोजित प्रांतीय महाधिवेशन में मुख्यमंत्री स्वयं उपस्थित हुए थे और 6 सूत्रीय मांगपत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और कार्रवाई का आश्वासन दिया था। संघ को विश्वास है कि शेष 21 सूत्रीय मांगों पर भी मुख्यमंत्री शीघ्र निर्णय लेंगे।ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि फर्जी प्रेस वाहनों पर लगाम कसी जाए, आयुष्मान योजना में पत्रकारों को जोड़ा जाए, छोटे-मझोले समाचार पत्रों के साथ विज्ञापन वितरण में भेदभाव खत्म किया जाए तथा पत्रकारों को शासकीय आवास, सर्किट हाउस सुविधा और शून्य ब्याज पर ऋण जैसी सुविधाएं मिलें।

### वाहनों की चेकिंग और चालानी कार्रवाई की जाए - कलेक्टर

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का करें पालन

**सीहोर, ईएमएस।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों से जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात को सुगम बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर वाहनों की चेकिंग की जाएं और चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएं और हेलमेट न लगाने पर चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थानों को ब्लेक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नगर में भारी वाहनों के प्रवेश से ट्रेफिक की समस्या उत्पन्न होती है, इसलिए नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के मोड़ अथवा ऐसे स्थानों पर होडिंग्स लगाना प्रतिबंधित किया जाए, जिन स्थानों पर इन होडिंग्स की वजह से रास्ता साफ न दिखने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना हो। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पुल-पुलियों की सफाई की जाए।




### दुर्घटना में जान बचाने वालों को दिया जाएगा पुरस्कार

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, दुर्घटना होने में घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना में घायल होने के बाद घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पूछताछ नहीं की जायेगी। जान बचाने पर संबंधित व्यक्ति को पांच हजार रुपये का पुरस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा।

### विधायक निधि के तहत स्वीकृत कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

जिले में सांसद एवं विधायक निधि योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की कलेक्टर बालागुरू के. ने विस्तार से समीक्षा से गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन के अतिरिक्त समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अन्य विभागीय क्रियान्वयन एजेन्सियों के अधिकारी अपने तकनीकी स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। जिला योजना एवं सांख्यिकी के माध्यम से संचालित योजनांतर्गत वर्षवार एवं कार्यवार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की स्थिति जिला योजना अधिकारी, द्वारा प्रस्तुत की गयी। कलेक्टर बालागुरू के. ने पूर्व वर्षो के प्रगतिरत या अप्रारंभ कार्यो को पूर्ण कराने में विलंब होने पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्माण एजेंसीओं को कार्य पूर्ण करने के लिए समय-सीमा तय करते हुये निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली शौर्य यात्रा

**देवास।** सर्व ब्राह्मण महासभा संघ, देवास द्वारा अपने आराध्य राजराजेश्वर भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव संघ के जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा के कुशल नेतृत्व में बड़े ही हर्ष उल्लास, आंनद एवं पूर्ण धार्मिक विधि विधान पूर्वक मनाया। प्रातः भगवान की पुजा-अर्चना, अभिषेक आरती कर जन्मोत्सव को पूर्ण श्रद्धा उत्साह एवं आंनद के साथ मनाया। हवन में श्रद्धालु भक्त सपत्नीक बैठ कर पुजन किया। सायंकाल में सयाजीद्वार से भव्य वाहन शौर्य यात्रा में समाज बन्धुओं की उपस्थिति ने शोर्य यात्रा को विशाल एवं एतिहासिक बनाया। शौर्य यात्रा में भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा, भगवान श्री राम जी की प्रतिमा, राम दरबार एवं भगवान शिव एवं नंदी जी की प्रतिमाएं मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के वर्ग उपवर्ग के सभी अध्यक्षों ने भी यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीगोड ब्राह्मण समाज जागृति मंडल के अध्यक्ष पण्डित वासुदेव शर्मा, आदि गोड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पण्डित मधुसूदन शर्मा, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पण्डित धर्मेन्द्र मिश्रा, ओदीच्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पण्डित महेन्द्र व्यास आदि संख्या में सम्माननीय अध्यक्षों का सम्मान साफा एवं दुप्पटा पहना कर किया।

## गायत्री महायज्ञ में 1000 से अधिक निःशुल्क पौधे वितरित

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ गायत्री महायज्ञ



**सीहोर, ईएमएस।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शक्ति संवर्धन विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन शहर के सैकड़ाखेड़ी मार्ग पर किया गया। इस मौके पर यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराए। गायत्री मंत्र और अन्य वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भक्तों ने जोड़े के साथ आहुतियां दी और विश्व कल्याण की कामना की। यज्ञ में विशेष रुप से आहुतियां भी समर्पित की गई जिन का मुख्य उद्देश्य वातावरण का शुद्धिकरण और पर्यावरण का शुद्धिकरण है यज्ञ के पश्चात महा आरती हुई तथा प्रसादी वितरण किया गया। दिव्य अनुष्ठान के समापन पर करीब 1000 से अधिक पौधों का गायत्री परिवार की ओर से उपजोन समन्वयक आरपी हाजरी और जिला कार्यक्रम संयोजक श्रीमती रमिला परमार और मीडिया प्रभारी पुष्पा शर्मा ने वितरण किया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती परमार ने बताया कि चार दिवसीय भव्य महायज्ञ में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय, श्रीमती अरुणा राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, गायत्री परिवार के ट्रस्ट के पदाधिकारी सुरेश त्यागी, राजेन्द्र प्रसाद मोदी, विष्णु शर्मा, त्रिलोकनाथ, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद कुर्मी, जोन प्रभारी राजेश पटेल आदि के सहयोग से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्वान वक्ता टोली नायक दीना त्रिवेदी ने कहाकि मनुष्य में देवत्व और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए गायत्री परिवार द्वारा संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ श्रीराम शर्मा आचार्य की मंशानुसार विश्व स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, साधना, नारी जागरण, पर्यावरण, नशा कुरीति उन्मूलन के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## यूपीएससी परीक्षा में चयनित होकर घर पहुंचे आदित्य जैन

**सिरोंज, ईएमएस।** यूपीपीएससी की परीक्षा में सिलेक्ट होने के बाद पहली बार सिरोंज पहुंचे आदित्य जैन का नगर में जोरदार स्वागत हुआ। शाम करीब पांच बजे उनके सिरोंज पहुंचने की जानकारी लगने पर स्थानीय नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों ने नगरपालिका प्रागंण में एक समारोह पूर्वक कार्यक्रम करते हुए आदित्य जैन का सम्मान भी किया। नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने सिरोंज शहर का नाम रोशन करने तथा उनकी उपलब्धि के लिए तिकल लगाकर साफा बांधकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौराण उपस्थित पार्षदों एवं नपा के अधिकारी कर्मचारियों ने भी पुष्प माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। नपा में स्वागत



कार्यक्रम के उपरांत खुली जीप में सवार कर ढोल बाजों के साथ सभी जनप्रतिनिधिगण आदित्य को एक वहां रैली की शक्ल में मुख्य बाजार से होते हुए घर तक छोड़ने के लिए भी गए। बाजार में आदित्य को अपने बीच पाकर व्यवसायियों एवं समाजसेवियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से हरिचरण अहिरवार, सचिन शर्मा तोशमणि पंथी, टीकाराम शाक्य, धर्मेंद्र जैन, इमरान कुरैशी, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, बालमुकुंद

## गवली समाज के 8 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित

**देवास।** अक्षय तृतीया पर गवली (यादव) समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन शासकीय केपी कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें आठ जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पार्षद रामदयाल यादव एवं पूर्व पार्षद अर्जुन यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर गवली यादव समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ग्वाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सीताराम यादव सीहोर शामिल हुए। साथ ही देवास विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, सभापति रवि जैन सहित शहर के अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर वर वधू को आशीर्वाद दिए। सामुहिक विवाह के पहले दुल्हा दुल्हनों की बनोरी बैंड़ बाजों के साथ निकाली गई। जिसमें दूल्हे घोड़ी पर और दुल्हनें कार में सवार होकर निकली। इसके साथ ही समाज की अनोखी पहल देखने को मिली जहां पर वर वधु के द्वारा पौधा रोपण भी कराया गया।

# राजकीय सम्मान के साथ आईटीबीपी जवान को दी गई अंतिम विदाई, हजारों लोग रहे मौजूद

**शिवपुरी, ईएमएस।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 57वीं बटालियन के हेड कॉन्स्टेबल गौरव सिंह सेंगर का अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम सियांग जिला अस्पताल में निधन हो गया। शिवपुरी निवासी 37 वर्षीय गौरव की अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह राजकीय सम्मान के साथ निकली। मुक्तिधाम पर जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। परिजनों के अनुसार, गौरव ने 28 अप्रैल को स्वास्थ्य संबंधी शिकायत की थी। यूनिट के चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराने के बाद सोमवार रात 12~45 बजे उनका निधन हो गया। मृत्यु के सटीक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से चलेगा। बल ने मामले में कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश जारी कर दिए हैं। गौरव का पार्थिव शरीर बुधवार देर



रात शिवपुरी पहुंचा। अंतिम यात्रा उनके माधव विहार कॉलोनी स्थित निवास से शुरू होकर पोहरी चौराहा, अग्रसेन चौराहा, कोर्ट रोड, माधव चौक, गुरुद्वारा और झांसी तिराहा होते हुए मुक्तिधाम पहुंची। इस दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी संगठन और नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गौरव सिंह सेंगर की अंतिम यात्रा उनके निवास माधव विहार कॉलोनी (वीरेंद्र रघुवंशी की कोठी के पास) से शुरू हुई, जो पोहरी चौराहा, अग्रसेन चौराहा, कोर्ट रोड, माधव चौक, गुरुद्वारा, झांसी तिराहा होते हुए 11 बजे शहर के मुक्ति धाम पहुंची।

**कलेक्टर व एसपी भी शामिल हुए:** कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी और पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों के साथ स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। मार्ग में स्थित फूल माला दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर पुष्प मालाएं अर्पित कीं। बैंक कर्मचारियों ने भी कार्यालय से बाहर आकर दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि दी। गौरव सिंह सेंगर की अंतिम यात्रा उनके निवास से शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए मुक्ति धाम पहुंची।

## सामूहिक भावातीत ध्यान का आयोजन

**मैहर, ईएमएस।** महर्षि विद्या मंदिर मैहर में गुरुदेव ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज एवं महर्षि महेश योगी के दैवीय आशीर्वाद से महर्षि विश्व शांति आंदोलन की इकाई सहस्त्रशीर्षा पुरुषा मंडल की स्थापना दिवस एवं पावन अक्षय तृतीया पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि वरिष्ठ शिक्षक केके शुक्ला एवं अध्यक्ष विद्यालय के प्राचार्य मनोज सिंह परिहार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु परंपरा पूजन एवं तत्पश्चात सामूहिक भावातीत ध्यान के अभ्यास के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर मैहर के प्राचार्य मनोज सिंह परिहार ने विद्यार्थी एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिसका क्षय न हो वह अक्षय है।



उन्होंने महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश जी के द्वारा सहस्त्रशीर्षा पुरूषा मंडल की स्थापना के उद्देश्यों को विस्तृत रूप से बताया एवं कहा कि आज हम सभी संकल्प लेते हैं कि पूरे विश्व के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि, अजेयता व शांति हेतु सदैव प्रयत्नशील एवं कार्यरत रहेंगेद्य। परमपिता ईश्वर पूज्य गुरुदेव एवं परम पूज्य महर्षि जी के आशीर्वाद से हमारी एक कामना सदैव अक्षय हो यही हम सब कामना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कई विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा मनमोहक भजन एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन शिक्षिका रंजीता सिंह एवं शिक्षिका वंदना वर्मा द्वारा किया गया।

## सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर रेलवे स्टेशन, सिंहस्थ के लिए बनाये जाने वाले होल्डिंग एरिया और ईटावा बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम, ट्राफिक पुलिस और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि रेलवे स्टेशन के सामने वाले रोड का सर्वे कर अतिक्रमण हटाए और रोड का चौडीकरण करें। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ट्रैफिक मूवमेंट के संबंध में रेलवे से समन्वय कर कार्य करें। जिससे शहर में ट्रैफिक नहीं हो। रेलवे स्टेशन पर भीड़ न हो इस संबंध में तैयारी करें। ज्यादा भीड़ हो तो किस प्रकार मैनेज करोगे इस प्रकार का प्लान बनाएं। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने कहा कि प्लेट फार्म नम्बर एक से प्लेट फार्म नम्बर 06 तक एक ओवर ब्रिज बनाये। जिससे यात्री आसानी से एक तरफ से दूसरी तरफ जा सके। जिस पर रेलवे स्टेशन मैनेजर ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज बन रहा है। जिससे दोनों ओर जाने में आसानी होगी।

## मेडिकल कॉलेज नहीं हर जिले में गुरुकुल चाहिए : शहनाज अख्तर

**मैहर, ईएमएस।** मानसपीठ खजुरीताल में जगदुरु स्वामी रामललाचार्य जी महाराज के द्वारा आयोजित आयोजित पाटोत्सव के विश्राम दिवस में देवीगीत एवं भजन संध्या में शहनाज अख्तर ने कहा की हमें अपने जनप्रतिनिधि से कहना होगा कि हमें अपने क्षेत्र में एक गुरुकुल अवश्य खोलना चाहिए। मेडिकल कॉलेज पहले से हैं कैंसर हॉस्पिटल पहले से हैं लेकिन जब जगह जगह पर गुरुकुल होगा तब हमारी संतानें धर्म को जान सकेंगे। अपने सनातन धर्म में रहकर वह कभी भी संस्कारहीन नहीं होंगे। उसी कड़ी में जगदुरु स्वामी रामललाचार्य के द्वारा संचालित खजुरीनाथ गौशाला और छात्र सेवा के लिए



शहनाज अख्तर ने 51 हजार रुपए की राशि मानसपीठ को समर्पित की। जगदुरु ने सभी का आभार पाटोत्सव के सफ्लता पूर्वक संपन्न होने के पश्चात स्वामी रामलला जी ने कहा कि कार्यक्रम में जो समस्त कार्यकर्ताओं और मानस पीठ परिवार के भक्तों के द्वारा अभूतपूर्व सहयोग मिला है उन सभी की मैं भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं।

### सोशल साइट पर मित्रता प्यार में बदली, शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

# नगर पालिका अध्यक्ष के बेटे के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**शिवपुरी, ईएमएस।** शिवपुरी की भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा के बेटे के रजत शर्मा के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है शिवपुरी के वार्ड क्रमांक 7 शिव कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा के बेटे रजत शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी इसके बाद कोतवाली पुलिस ने युवती की शिकायत पर से दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।



**सोशल साइड से मुलाकात के बाद हुई दोस्ती:** कोतवाली थाने में पीड़िता ने पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में उल्लेख किया है कि वह रजत शर्मा से एफबी के माध्यम से मिली थी और हमारी दोस्ती आगे बढ़ी फिर हमारी फोन से बात होने लगी। इसी क्रम में वह 20 अगस्त 2023 को रजत से पहली बार मिली और उसी समय रजत ने मुझे शादी के लिये प्रपोज किया था। उसके बाद रजत ने मुझसे कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं और मुझसे फिजिकल रिलेशन बनाने की डिमांड की थी। युवती का कहना है कि वह शादी करना चाहता था इसलिए हम दोनों के बीच सहमति से कई बार फिजिकल रिलेशन बने थे।

**शादी का झांसा देकर बनाए संबंध:** युवती का कहना है कि हम दोनों की सहमति से रजत ने हमारे शारीरिक संबंध की वीडियो बनाई थीं, वह वीडियो मेरे पास मौजूद हैं। मेरे और रजत के संबंधों के बारे में मैंने अपने घर पर बताया था मेरे माता जी और बहनें शादी के लिये तैयार थे तथा रजत के घर भी सबको पता था। युवती का आरोप है कि उसके बाद मेरे भाई मयंक को कैंसर हो गया था फिर रजत ने बोला भैया ठीक हो जाये उसके वाद शादी कर लेंगे। 10 मार्च 2025 को उसका देहांत हो गया फिर मैंने रजक को बोला अब मेरा कोई नहीं है और तुम शादी कर लो, लेकिन वो बहानेबाजी करने लगा।

**पूर्व खेल मंत्री यशोधरा समर्थक हैं गायत्री शर्मा:** शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहीं और पूर्व खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया जब शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक थीं तब उनकी ही पसंद के आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा को अध्यक्ष के रूप में पार्षदों द्वारा चयनित किया गया था। इस चयन के दौरान भाजपा की अंदरूनी राजनीति और गुटबाजी के कारण नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव विवादों में भी रहा था लेकिन तत्कालीन खेल मंत्री की जिद के कारण भाजपा नेत्री गायत्री शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी बनाया गया था इसके बाद पार्षदों ने इनका चुनाव किया था।

**युवती का आरोप नेताओं ने राजीनाम का बनाया दबाव:** शिवपुरी की कोतवाली पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंची पीड़ित युवती ने आरोप लगाया कि शिवपुरी के कई नेताओं ने उनसे संपर्क किया और इस मामले में कार्रवाई न करने को लेकर राजीनामा करने का दबाव बनाया लेकिन उन्होंने इन नेताओं की एक नहीं सुनी। युवती का आरोप है कि नपाध्यक्ष के पुत्र ने उनसे शादी का झांसा देखा शारीरिक संबंध बनाए। यहां बताना होगा कि यह मामला पिछले पखवाड़े भर से शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। युवती पूर्व तीन बार एफआईआर कराने के लिए थाने आ चुकी है, परंतु हर बार वह बिना एफआईआर कराए वापस घर लौट गई थी।

## एचडीएफसी बैंक कर्मचारी ने व्यापारी से की धोखाधड़ी

**सिरोंज, ईएमएस।** 20 मार्च को स्थानीय पुलिस द्वारा एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंधक प्रिंस श्रीवास्तव द्वारा बैंक के खाताधारक मालवा पषु चारा सप्लायर फर्म के संचालक शुजाअत अली आवेदन पर पुलिस ने फर्म संचालक के साथ सेल्फ चैक अन्य लोगों के खातो में टॉसफर करने पर व्यापारी के साथ धोखाधड़ी कर भागने पर पुलिस ने एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंधक प्रिंस श्रीवास्तव के विरूद्व तीनों चैको की रकम 24 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी करने पर भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत धारा318(4), 316(5) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। मगर प्रकरण दर्ज हुऐ लगभग माह 10 दस दिन से अधिक समय गुजर चुका है मगर पुलिस अभी तक उक्त आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी और आरोपी के पिता वीरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा स्थानीय न्यायालय में आरोपी की अग्रिम जमानत आवेदन खारिज होने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ग्वालियर में अग्रिम जमानत आवेदन लगाया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार माननीय हाईकोर्ट द्वारा आरोपी के अग्रिम जमानत आवेदन पर सुनवाई के लिये थाना से केस डायरी भी मंगाई गयी है। पिता लगा रहे जमानत आवेदन, पुलिस के हाथ अबतक खाली- मालूम होकि आरोपी के पिता द्वारा प्रकरण दर्ज होने के एक सप्ताह के अंदर ही स्थानीय अपर जिला न्यायालय में आरोपी की अग्रिम जमानत आवेदन लगाया गया।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान

**भोपाल(ईएमएस)।** मई माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की।

## सुलतानपुर-मुंबई समर स्पेशल ट्रेन का संचालन 5 से

**भोपाल,ईएमएस।** गर्मियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने सुलतानपुर से मुंबई के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 8-8 ट्रिप के साथ विशेष किराए पर चलाई जाएगी। इस निर्णय से उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी। ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति और इटारसी जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

### खाली जिलों में एक सप्ताह में होगी घोषणा

# कांग्रेस के आधे जिला अध्यक्षों की कुर्सी खतरे में

**भोपाल,ईएमएस।**



मप्र में कांग्रेस बड़े बदलाव की तैयारी में जुटी हुई है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्षों का रिपोर्ट कार्ड खंगला जा रहा है। रिपोर्ट कार्ड ही उनका सियासी भविष्य तय करेगा। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक 50 फीसदी जिलों में बदलाव होना तय है। वहीं नए की तलाश भी शुरू हो गई है। लेकिन कांग्रेस का पहला फोकस उन जिलों पर है जहां जिलाध्यक्ष की कुर्सी खाली है। बताया जा रहा है कि पार्टी इस महीने उन जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर देगी, जहां अध्यक्ष नहीं हैं। बता दें कि मप्र में कांग्रेस के अभी 80 संगठनात्मक जिला और 800 संगठनात्मक ब्लॉक अध्यक्ष के पद हैं।

इनमें से 50 फीसदी जिला अध्यक्षों को बदलने की तैयारी है। कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष के लिए 60 वर्ष और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए 45 साल की उम्र लगभग तय कर दी है। मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा करीब दो महीने से जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की नए सिरे से नियुक्ति करने की कवायद की जा रही है। माना जा रहा था कि लगभग 50 फीसदी जिलों में कांग्रेस अपने जिलाध्यक्ष बदल देगी। लेकिन अब जानकारी निकलकर सामने आ रही है कि अभी केवल पांच जिलों में ही अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। बाकी जिलों की घोषणा जून माह के बाद होगी। जिन पांच जिलों में घोषणा होगी, उनमें खंडवा के शहर और ग्रामीण, रतलाम ग्रामीण, कटनी और रायसेन जिला शामिल है। इन पांच जिले में मई माह में अध्यक्ष की नियुक्ति करने की तैयारी है। पांच ही जिलों के लिए तीन-तीन नाम की पैनल बना ली गई है। संगठन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बाकी जिलों की घोषणा जून के बाद होगी। फिलहाल पार्टी का फोकस 40 दिनी अभियान पर है, जिसके तहत मप्र की प्रत्येक विधानसभा में घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

### जिलाध्यक्षों को बनाया जाएगा पावरफुल

दरअसल, अहमदाबाद अधिवेशन में जिलाध्यक्षों के मामले में अहम प्रस्ताव पारित हुआ था। इसके तहत उन्हें पावरफुल बनाया जाना है। यानी जिला स्तर के फैसले इनकी मर्जी से होंगे। चुनाव में उम्मीदवार तय करने में भी भूमिका होगी। प्रस्ताव को संपूर्ण नियमावली के साथ संगठनात्मक ढांचा मजबूत बनाने सभी प्रतिनिधियों के समक्ष रखा जाएगा। ऐसे में जिला स्तर पर फेरबदल तय है। जिलाध्यक्षों से लेकर ब्लॉकों में नए पदाधिकारी नियुक्त होंगे। ग्रामीण जिलाध्यक्ष भी बदलेंगे। जिले के संगठनात्मक स्तर पर कई बदलाव होंगे। ऐसे कार्यकर्ता जो लंबे समय से पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं, उन्हें नई और अहम जिमेदारियां दी जाएंगी। युवा, उर्जावान लोगों को अवसर दिया जाएगा। शहर व जिले के लगभग सभी ब्लॉक में नए अध्यक्ष नियुक्त करने की तैयारी है।

### दिल्ली से नियुक्त होंगे ऑब्जर्वर

कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि गुजरात में जिस तरह जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई है, मप्र में भी उसी पैटर्न पर जिला अध्यक्षों के नाम खोजे जाएंगे। मप्र के सभी 55 जिलों में एआईसीसी की ओर से हर जिले के लिए एक ऑब्जर्वर नियुक्त किया जा सकता है। एमपी कांग्रेस की ओर से भी ऑब्जर्वर जिला अध्यक्ष के नाम खोजने में मदद करेंगे। हर जिले में पार्टी अध्यक्ष चुनने के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई जाएगी। इसमें एक केंद्रीय और चार राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक शामिल होंगे। ये समितियां अपने-अपने जिले का दौरा करेंगी और जिलाध्यक्ष के चयन से पहले स्थानीय नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगी। गुजरात में पूरी प्रक्रिया 45 दिनों में पूरी हो जाएगी। मप्र कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी के संगठन में एक बड़ा परिवर्तन आया है।

## शॉर्टसर्किट से बचने के लिए विद्युत वितरण कंपनी की सलाह

### वायरिंग, फिटिंग और अर्थिंग की जांच अवश्य कराएं, समस्या पर 1912 पर करें कॉल



**भोपाल,ईएमएस।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नागरिकों को विद्युत सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कंपनी ने कहा है कि घर या व्यवसायिक प्रतिष्ठान में शॉर्ट सर्किट की स्थिति में तुरंत प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से संपर्क करें।

कंपनी ने उपभोक्ताओं को सलाह देते हुआ कहा कि घरों में अर्थिंग अनिवार्य है। वायरिंग कराते समय मानक स्तर की सामग्री का उपयोग करें। अधिकांश शॉर्ट सर्किट की घटनाएं घटिया वायरिंग या पुरानी वायरिंग के कारण होती हैं। विद्युत संबंधी किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल करें। इसके अलावा उपाय ऐप या नजदीकी वितरण केंद्र कार्यालय में भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कंपनी ने विशेष रूप से सलाह दी है कि घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत केवल प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से ही कराएं। उचित क्षमता के एमसीसीबी और कट-आउट का उपयोग करें। सुरक्षा के लिए वर्ष में एक बार अनुभवी इलेक्ट्रीशियन से वायरिंग, फिटिंग और अर्थिंग की जांच अवश्य कराएं।

## दोहरी छात्रवृत्ति घोटाले का होगा खात्मा

### छात्रों से वसूली कर कॉलेजों को दी जाएगी क्लीनचीट

**भोपाल,ईएमएस।** प्रदेश में 12-13 साल पहले ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति में हुए घोटाले में खात्मा लगाने की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि दो जिलों भोपाल और रीवा के 75 महाविद्यालयों में प्रवेशरत ओबीसी वर्ग के 278 विद्यार्थियों की दोहरी छात्रवृत्ति लिए जाने के मामले सामने आए थे। रीवा के छात्रों से वसूली कर कॉलेजों को पहले ही क्लीनचिट दे दी गई है। अब भोपाल के छात्रों से राशि जमा कराकर कॉलेजों को क्लीनचिट देने की तैयारी की जा रही है।

गौरतलब है कि वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में मध्यप्रदेश के दो जिलों भोपाल और रीवा के 75 महाविद्यालयों में प्रवेशरत ओबीसी वर्ग के 278 विद्यार्थियों की दोहरी छात्रवृत्ति लिए जाने के मामले सामने आए थे।




### भोपाल मामले में लोकायुक्त में प्रकरण

मप्र पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2011-12 एवं 12-13 में भोपाल और रीवा में दोहरी छात्रवृत्ति की गड़बड़ी पकड़ी गई थी। जांच में भोपाल के एक मात्र एलबीएस पैरामेडिकल कॉलेज के 10 छात्रों का कुल 700 रुपये प्रति छात्र के मान से 7000 रुपये का दोहरीकरण हुआ था। जिस पर लोकायुक्त ने 10 अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध किए थे।

### रीवा के कॉलेजों को मिल चुकी है क्लीनचीट

मप्र पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 2011 से 2013 के बीच दोहरी छात्रवृत्ति के मामले में रीवा जिले के तत्कालीन कलेक्टर के आदेश पर 13 जुलाई 2016 को समिति गठित कर इसकी जांच कराई गई थी। जांच में समिति ने 65 शिक्षण संस्थाओं के 268 विद्यार्थियों को दोहरी छात्रवृत्ति का दोषी पाया था। दोषी पाए गए विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति राशि 44 लाख 51 हजार 121 रुपये चालान के माध्यम से शासन के खाते में जमा कराए गए हैं। इस तरह दोषी विद्यार्थियों से राशि जमा कराकर विभाग ने सभी आरोपी महाविद्यालयों को भी क्लीनचिट दे दी है। जबकि प्रकरण में जांच एजेंसी एवं न्यायालय में विचाराधीन होने का कारण बताकर अब तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### हाईटेक होगी पुलिसिया जांच

# 25000 से अधिक विवेचना अधिकारियों को मिलेंगे टैबलेट

**भोपाल,ईएमएस।**



मध्यप्रदेश में पुलिसियां जांच और भी हाईटेक होगी। प्रदेश में जल्द ही 25 हजार से अधिक जांच अधिकारियों को टैबलेट दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने टेंडर जारी किया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही टैबलेट खरीदी की प्रक्रिया शुरू होगी।

मप्र पुलिस अपराध की जांच को और प्रभावी और पारदर्शी बनाने की कवायद में जुटी हुई है। पुलिस विभाग अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक से लैस करने उन्हें टैबलेट देने की योजना बनाई है। प्रदेश में जल्द ही 25 हजार से ज्यादा विवेचना अधिकारियों को टैबलेट दिया जाएगा। पुलिस मुख्यालय ने टैबलेट खरीदी के लिए टेंडर जारी किया है। टैबलेट में नक्शा मौका, एफआईआर, गिरफ्तारी फॉर्म रियल टाइम भरे जा सकेंगे। अदालत में वर्चुअल पेशी होगी। तलाशी के वीडियोग्राफी भी अनिवार्य होगी। आपको बता दें कि साल 2022 में 1700 से अधिक टैबलेट बांटे गए थे। तीन साल के अंदर प्रदेश की 425 थानों में 50 हजार से अधिक एफआईआर दर्ज हुई। सबसे ज्यादा जीआरपी ने मामला दर्ज किया। इनमें अधिक से अधिक चलती ट्रेनों में केस दर्ज हुए है।

# फर्जी मार्कशीट मामले में मुरैना महापौर को राहत

### कोर्ट ने कहा- आम जनता का केस से लेना-देना नहीं

**भोपाल, ईएमएस ।** मुरैना में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई महापौर शारदा सोलंकी को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिल गई है। उनकी 10 वीं की फर्जी अंकसूची मामले में उच्च न्यायालय ग्वालियर की खण्डपीठ ने याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उससे आम जनता को कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा की मेयर पद की दावेदार रही मीना जाटव ने शारदा सोलंकी के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया था। इसमें उन्होंने कहा शारदा सोलंकी की 10 वीं की अंकसूची को फर्जी बताया था। साथ ही चुनाव घोषणा पत्र में उनके न्यू हाउसिंग बोर्ड में निवास की जानकारी को गलत कहा था। यह याचिका मुरैना जिला न्यायालय में दायर की गई थी। मुरैना जिला न्यायालय ने उस याचिका पर गौर करते हुए मुरैना कोतवाली पुलिस को आदेश जारी किया था ।



### खारिज की याचिका

इस याचिका को चुनौती देते हुए महापौर शारदा सोलंकी ने उच्च न्यायालय की ग्वालियर खण्डपीठ में याचिका लगाई थी। इसके बाद उच्च न्यायालय ने मुरैना जिला न्यायालय के आदेश को गलत ठहराते हुए महापौर शारदा सोलंकी के खिलाफ लगाई याचिका को खारिज कर दिया है। महापौर शारदा सोलंकी जब से महापौर का चुनाव लड़ी हैं तभी से चर्चा में रही हैं। पहले वह फर्जी मार्कशीट तथा उससे उपजी उनकी महापौर पद के उम्मीदवारी को लेकर चर्चा रही।

### उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश

# कॉलेज में कम से कम छह घंटे रुकना होगा प्रोफेसर्स को

**नॉन टीचिंग स्टाफ की अटेंडेंस पर भी विभाग सख्त**

**भोपाल,ईएमएस।**

सरकारी महाविद्यालयों में पदस्थ प्रोफेसर अगर छह घंटे से कम अवधि तक कॉलेज में रुकते हैं तो उनके वेतन में कटौती की जाएगी। प्रोफेसर और अन्य स्टाफ का वेतन कटने की स्थिति में उन्हें अवकाश दिया जा सकेगा जिसे लीव मैनेजमेंट सिस्टम में अपडेट किया जाएगा। दरअसल सरकार के पास शिकायतें पहुंच रही थी कि प्रोफेसर्स और अन्य प्राध्यापकों व स्टाफ कॉलेज में कुछ घंटों के लिए चेहरा दिखाकर चले जाते हैं। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग ने तय किया है कि अब कॉलेज में कम से कम छह घंटे रुकने पर ही पूरे दिन का वेतन जनरेट किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रोफेसर्स के साथ एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी, अतिथि शिक्षक और जनभागीदारी समिति व गैर शैक्षणिक स्टफ के लिए दैनिक और मासिक उपस्थिति के आधार पर वेतन जारी करने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने सभी शासकीय महाविद्यालय और अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों, डीडीओ को जारी निर्देश में कहा है कि मार्च माह में हुई बैठक में मंत्री इंदर सिंह परमार ने इस मामले में सख्त निर्देश दिए थे। इसके पहले विभाग द्वारा फरवरी में दो अलग-अलग पत्र लिखकर वेतन का भुगतान सार्थक एप पर उपस्थिति के आधार पर जारी करने के निर्देश दिए गए थे।



### सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार वेतन

निर्देश में कहा गया है कि मार्च माह के वेतन का भुगतान भी सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर किया जाना था। सार्थक एनालिटिकल डैश बोर्ड के द्वारा सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक वर्ग के लिए इसे लागू किया गया है। इनकी दैनिक और मासिक उपस्थिति की रिपोर्ट एप के डेटा के आधार पर प्राचार्यों को उपलब्ध कराई जा रही है।

### जबलपुर कमिश्नर रिटायर, दतिया कलेक्टर इस माह होंगे सेवानिवृत्त

# आईएएस-आईपीएस अफसरों की होगी प्रशासनिक सर्जरी

**भोपाल,ईएमएस।** गुरूवार से तीस मई तक के लिए तबादलों का मौसम शुरू हो गया है और तबादले के इच्छुक अधिकारी-कर्मचारी तबादला कराने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी जुटाने में जुटे हैं। इस बीच प्रदेश में आईएएस और आईपीएस अफसरों के तबादले होना भी तय माना जा रहा है। जबलपुर कमिश्नर अभय कुमार वर्मा के रिटायर होने के बाद यहां अभी नए अधिकारी की पोस्टिंग किया जाना बाकी है, वहीं इसी माह 31 मई को दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन और 30 जून को सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत भी रिटायर हो जाएंगे।

जबलपुर कमिश्नर अभय वर्मा 30 अप्रेल को रिटायर हो गए हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद अब जबलपुर संभागायुक्त के पद के लिए सचिव स्तर के अधिकारी की पोस्टिंग होना है। प्रदेश के बड़े संभागों में शामिल जबलपुर कमिश्नर बनने के लिए कुछ आईएएस अधिकारी लॉबिंग भी कर रहे हैं और माना जा रहा है कि सीएम मोहन यादव की हरी झंडी मिलते ही इसी सप्ताह किसी अधिकारी की पदस्थापना जबलपुर संभागायुक्त के पद पर हो जाएगी। इसी तरह सामान्य प्रशासन विभाग में अपर सचिव पद पर कार्यरत शैलबाला मार्टिन भी 30 अप्रेल को रिटायर हो गई हैं।

# ईओडब्ल्यू के शिकंजे में फंसे पीडब्ल्यूडी के ईएनसी

**ब्लैकलिस्ट कंपनी को ठेका देने की शिकायत**

**भोपाल,ईएमएस।**

लोक निर्माण विभाग के प्रभारी प्रमुख अभियंता केपीएस राणा और पीआईयू के प्रभारी प्रमुख अभियंता शालिगराम बघेल ईओडब्ल्यू के शिकंजे में फंस गए हैं। एजेंसी ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है। राणा पर आरोप हैं कि उन्होंने एनएचएआई में प्रभारी मुख्य अभियंता रहते ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार को 38.39 करोड़ का ठेका दिलवाया, जबकि शालिगराज बघेल पर संयुक्त निविदाएं आमंत्रित करने के आरोप हैं। दोनों मामलों में ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर दी है। मामला उजागर होने पर सरकार राणा को प्रमुख अभियंता पद से हटा भी सकती है। बताया गया कि बीना टोल प्लाजा के निर्माण में काम नहीं करने के कारण राणा ने एनएचएआई में प्रभारी सीई रहते राजेंद्र सिंह किलेदार कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को एक साल के लिए ब्लैक लिस्टेड किया था।

### तत्कालीन ईएनसी की आपित्त भी दरकिनार

इस संबंध में लोनिवि के रिटायर्ड ईएनसी नरेंद्र कुमार ने आपत्ति जताते हुए पत्र लिखा था कि चयनित संविदाकार का पंजीयन 13 दिसंबर 2022 को निलंबित किए जाने के बाद इनकी दूसरी फाइनेंशियल बिड 17 दिसंबर 2022 को कैसे खोल दी। लेकिन जब यह मामला सामने आया, तब लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी थी, उसी दौरान दूसरी बार में ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार का टेंडर स्वीकृत कर लिया गया।

# सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष की जीत : अरूण यादव

**भोपाल,ईएमएस ।** बुधवार को केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा जातिगत जनगणना कराने का निर्णय पारित किया गया । पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं मप्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरूण यादव ने केन्द्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना की स्वीकृति पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार दलित, आदिवासी एवं पिछड़ों की मांगों को लेकर संघर्ष करती रही है । देश में जातिगत जनगणना को लेकर हमारे नेता राहुल गांधी पिछले कई वर्षों से सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रहे थे । यह उस संघर्ष की जीत है । यादव ने आगे कहा कि हाल ही में तेलंगाना प्रदेश सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कर एक रोल मॉडल देश के समक्ष प्रस्तुत किया है । आज केंद्र सरकार ने जाति जनगणना की मांग को मंजूरी दी है, हम उसका स्वागत करते हैं । लेकिन हम केंद्र सरकार से यह भी मांग करते है कि इसे समयसीमा में पूर्ण किया जाए । इससे देश में जिसकी जितनी आबादी है उसे उतनी हिस्सेदारी मिले । हम न्याय योद्धा राहुल गांधी का देश की जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ों की ओर से इस संघर्ष के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित करते हैं । उल्लेखनीय है कि बुधवार को केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में जातिगत जनगणना को मंजूरी दी गई है । नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भी अपने अभिमत में बताया कि यह हमारा विजन है और हम यह सुनिश्चित करेंगें कि सरकार एक पारदर्शी और प्रभावी जाति जनगणना कराए । सबको साफ साफ पता चले कि देश की संस्थाओं और पॉवर स्ट्रक्चर में किसकी कितनी भागीदारी है । जाति जनगणना विकास का एक नया आयाम है । मैं उन लाखों लोगों और सभी संगठनों को बधाई देता हूं जो इसकी मांग करते हुए लगातार मोदी सरकार से लड़ाई लड़ रहे थे - मुझे आप पर गर्व है ।



# मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर



**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। लेकिन योजनाएं सफल नहीं हो पा रही है। आलम यह है कि सरकार ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी)पर भी जोर दिया है, लेकिन उसका असर होता नजर नहीं आ रहा है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर हैं। ऐसे में बड़े जिलों को छोड़ दें तो अन्य जगह लोगों को बड़ी स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। प्रदेश में कई सुविधाएं आउटसोर्स पर जा चुकी हैं। मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल और सीएचसी-पीएचसी में जांच सुविधाएं आउटसोर्स पर हैं। वहीं प्रयोग के तौर पर कुछ सीएचसी, पीएचसी और सिविल अस्पताल को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए सरकार निर्णय ले चुकी है। जानकारों का कहना है कि बजट की कमी के चलते सरकार खुद सुविधाएं शुरू करने की जगह सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) माडल अपनाने पर जोर दे रही है। इसके बाद भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। इस संदर्भ में स्वास्थ्य अधिकार मंच मप्र के संयोजक अमूल्य निधि का कहना है कि देश में प्रदेश में कहीं भी आज तक पीपीपी माडल सफल नहीं रहा है। स्वास्थ्य अत्यावश्यक सेवा है। सरकार को खुद उपलब्ध कराना चाहिए। बीपीएल हो या एपीएल सभी को निःशुल्क उपचार मिलना उसका अधिकार है। राजस्थान सहित कई राज्यों में सभी सेवाएं बिना शुल्क दी जा रही हैं। सरकार के प्रयास इस दिशा में सही होते तो शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और अन्य सूचकांकों में प्रदेश की बुरी स्थिति नहीं होती। अन्य स्वास्थ्य सूचकांक भी नहीं सुधर रहे हैं। निजी निवेशक जितना कमा कर जा रहे हैं उतने से कई गुना कम में सरकार खुद सेवा दे सकती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालय: ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेल: **expressnews.advt@gmail.com** (रजि न. **RNI** 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।